दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 3 जनवरी 2023, शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-300 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

विस का शीतकालीन सत्र....आरक्षण विधेयक की भेंट चढ़ा पहला दिन

आज बेबाक

नए साल का जश्न पूरी दुनिया में धूमधाम से मनाया गया। कोरोना के नए वैरिएंट के खौफ के बावजूद लोगों ने आवश्यक सावधानी को ताक पर रखा। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। पर्यटन स्थलों पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी लेकिन यह संभवतः पहली बार हुआ है कि धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब आ गया था। सुबह से देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। सभी ने मंदिरों में मत्था टेक कर अंग्रेजी नए साल की शुरूआत की। धार्मिक आयोजनों की भी धूम रही। लोगों की धर्म के प्रति आस्था बढ़ना निश्चित रूप से शुभ संकेत है।

■ **जमकर हुआ हंगामा, बहस के बीच गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठा विपक्ष**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र का पहला दिन आरक्षण संशोधन विधेयक के हंगामे की भेंट चढ़ गया। आरक्षण के मामले को लेकर विधानसभा में कांग्रेस और भाजपा के बीच जमकर शोर-शराबा हुआ। इसके बाद अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विधानसभा की कार्यवाही 3 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं हंगामा कर रहे विपक्ष के सदस्य गर्भगृह में पहुंच गए और निलंबित हो गए। फिर गांधी प्रतिमा के पास धरना दिया। दरअसल, सोमवार से शुरू हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आगाज ही हंगामेदार हुआ। आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं होने और कानूनी रूप नहीं लेने के मसले पर सदन में भारी हंगामा हुआ। हालात इतने बिगड़ गए कि सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। वहीं दूसरी ओर प्रश्नकाल में विपक्ष ने जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मामला उठाया। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इसमें 100 करोड़ रुपये घपले का आरोप लगाया है।

विस अध्यक्ष बोले- 'राज्यपाल पर टिप्पणी, सदन की मर्यादा के विपरीत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आरक्षण का मुद्दा छिड़ा। विपक्ष ने आरक्षण को लेकर सवाल-जवाब करता दिखा। हालांकि प्रश्नकाल तक आरक्षण को लेकर कुछ देर के लिए शोर थमा, लेकिन जैसे ही प्रश्न काल समाप्त हुआ, प्रश्नकाल को लेकर मुद्दा गरमा गया। प्रश्नकाल के बाद आरक्षण विधेयक पर विपक्ष फिर से आक्रामक हो गया। सत्ता पक्ष ने विपक्ष के व्यवहार पर आपत्ति जतायी। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आदिवासी आरक्षण को लेकर रखी बात, जिसके बाद सदन में विपक्ष ने सरकार का विरोध जताना शुरू कर दिया। हंगामे और शोर शराबे की भी बहस होती रही। जिसकी वजह से कार्यवाही को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। वहीं विधानसभा की कार्वाई शुरू होने के बाद

फिर से राज्यपाल पर कोई भी अशोभनीय बात सदन की मर्यादा के विपरीत है। आरक्षण विधेयक में देरी का मुद्दा उठा। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि राजभवन और राज्यपाल के प्रति मर्यादा का पालन होना चाहिये। राज्यपाल पर की गई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

सत्र की शुरूआत होते ही हंगामा : छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र की गर्म शुरुआत हुई है। प्रश्नकाल के पहले ही सदन में पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य में सवैधानिक संकट के हालात हैं। मुख्यमंत्री राज्यपाल को धमकी दे रहे हैं। सत्तापक्ष के विधायकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। स्पीकर ने शून्यकाल में मुद्दा उठाने के निर्देश दिए। वहीं मोहन मरकाम ने कहा कि आज 32 दिन बीत जाने के बाद भी आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल ने दस्तखत नहीं किया है। स्पीकर के निर्देश के बाद प्रश्नकाल की शुरुआत हुई।

सीएम के उत्तर से संतुष्ट नजर आए बृजमोहन

भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश में कृषि पंपों हेतु अस्थाई को स्थायी कनेक्शन करने का मामला विधानसभा में उठाते हुए मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि प्रदेश में वर्ष 2019-20, 20 -21, 21-22, एवं 22- 23 में नवंबर 2022 तक कुल कितने किसानों को सिंचाई हेतु स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था एवं कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? उक्त वर्षों में कुल कितने विद्युत पंपों का स्थायी किया गया है? अवधि में विद्युत विभाग के पास वर्षवार कितने स्थाई पंप कनेक्शन हेतु आवेदन लंबित एवं कब तक कनेक्शन प्रदान किया जाएगा? प्रदेश में कितनी अस्थाई कनेक्शन विद्यमान है तथा इन्हें कब तक स्थाई किया जाएगा? सीएम ने अपने उत्तर में बताया कि प्रदेश में इन 4 वर्षों में अस्थाई से स्थाई पम्प कनेक्शन करने के 1 लाख 36 हजार 435 आवेदन प्राप्त हुए, उनके विरुद्ध सिर्फ किसानों के 77 हजार 455 कनेक्शन स्थाई किए गए हैं। अभी भी 58 हजार 633 किसान पंपों के स्थाई करने के आवेदन देने के बाद भी लंबित है। इन 4 वर्षों में प्रदेश में सिर्फ 70 हजार 482 पंपों को स्थाई करने का लक्ष्य रखा गया था जो प्राप्त आवेदनों से बहुत कम है। प्रदेश में अभी भी 1 लाख 35 हजार 182 अस्थाई पंप कनेक्शन विद्यमान है।

ग्रीन बेल्ट स्थापना का उठा मुद्दा

सीमेंट फैक्ट्रियों के द्वारा ग्रीन बेल्ट की स्थापना को लेकर सवाल किया। विधायक कुलदीप जुनेजा ने उठाया सवाल। न्यूवोको, अल्ट्राटेक, न्यू विस्टा, अंबुजा, इमामी सीमेंट संयंत्रों द्वारा लगाया गया वृक्षों की मांगी जानकारी। वन मंत्री ने सभी फैक्ट्रियों को आवंटित जगहों पर वृक्ष लगाने की दी जानकारी। आवंटित जमीन पर एक तिहाई से अधिक वृक्ष लगाए जाने कि सदन में मंत्रियों ने दी जानकारी। कुलदीप जुनेजा ने बताया वृक्ष नहीं लगाए गए हैं ज्यादातर जगह पर वृक्ष मर गए हैं। विधायकों की समिति से जांच कराने की मांग की। विपक्ष ने भी विधायक जुनेजा का साथ दिया। विधायकों की समिति से जांच की मांग को लेकर सदन में हंगामा किया। वन मंत्री ने बताया कि किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधायकों ने अभी शिकायत की है इसकी भौतिक सत्यापन कराएं। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर वन मंत्री ने विभागीय तौर पर भौतिक सत्यापन करने का आश्वासन दिया।

जल-जीवन मिशन पर सदन में घिरे पीएचई मंत्री

शीतकालीन सत्र प्रश्नकाल से हुआ जो काफी हंगामेदार रहा। पीएचई मंत्री रुद्र गुरु को जल जीवन मिशन के सवालो से घेरा। जल जीवन मिशन के टेंडर को लेकर सवाल किया। भाजपा विधायक कृष्णमूर्ति बांधी के सवाल पर सदन में हंगामा। टेंडर प्रक्रिया को लेकर विपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरा। जल जीवन मिशन में केंद्र के फंड के बंदरबांट का आरोप लगा। 80 रिटेंडर और 15 टेंडर की समय सीमा बढ़ाना पड़ा था। अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल ने सदन की समिति से जांच की मांग की। सदन में रूद्र गुरु जवाब नहीं दे पाए। 100 करोड़ के घपले का नारायण चंदेल ने आरोप लगाया। जल जीवन मिशन के टेंडर में गड़बड़ी पर सवाल किया। जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाते हुए वॉक आउट कर दिया।

//-- सुविचार --//

महानता कभी ना गिरने में नहीं बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।

सूर्योदय

उदय : 7:12 प्रातः

अस्त : 5:49 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,008,836,035

भारत : 1,414,687,550

बाजार

संसेक्स : 61167.79

निफ्टी : 18197.50

गोल्ड : 55,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 71,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.56 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.1	15.5
बिलासपुर	28.0	13.6
जगदलपुर	30.0	15.4
अंबिकापुर	20.1	10.0

आज का घटनाएं

3 जनवरी :- महान वैज्ञानिक गैलिलियों ने आज ही के दिन 1621 में दूरबीन की खोज की। सामाजिक कार्यकर्ता, भारत में पहली महिला शिक्षक, और मराठी भाषा में पहली महिला कवयित्री सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 में हुआ। एशिया की सबसे पुरानी प्रिंटिंग प्रेस के संस्थापक मुंशी नवल किशोर का जन्म 3 जनवरी 1836 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। केरल के सीरियन कैथॉलिक संत तथा समाज सुधारक कुरिआकोसी इलिआस चावारा का निधन 3 जनवरी 1871 में हुआ। प्रख्यात कलाकार नंदलाल बोस का जन्म 3 जनवरी 1882 में हुआ। मशहूर स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जन्म 3 जनवरी 1889 में हुआ था। रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शांति निकेतन में 'पौष मेला' का उद्घाटन आज ही के दिन 1894 में किया।

धर्मांतरण पर बवाल, चर्च में तोड़फोड़, एसपी का सिर फोड़ा

■ **छग के नारायणपुर में बवाल, समझाने गई पुलिस तो भीड़ ने किया हमला**

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में धर्मांतरण को लेकर बवाल लगातार जारी है। रविवार को इसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। सोमवार को इसी के विरोध में आदिवासी समाज ने बंद बुलाया था। यहां धरना प्रदर्शन करनी तैयारी थी। मगर कुछ लोग भड़क गए और चर्च में तोड़फोड़ करने लग गए। ये देखकर पुलिस उन्हें समझाने गई थी, लेकिन पुलिस पर ही ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जिसमें जिले के एसपी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। लोगों ने उनका सिर फोड़ दिया है। दरअसल ये पूरा विवाद शनिवार रात से शुरू हुआ था। बताया गया कि कुछ लोग गोर्रा गांव में हथियार और लाठी-डंडा लेकर घुसे थे। यहां इन लोगों ने गांव के लोगों से मारपीट की। फिर जब पूरे गांव के लोग जमा हो गए। तब हमलावर मौके से भाग निकले थे। इसके बाद ग्रामीणों ने अगले दिन शनिवार को बैठक बुलाई थी। इस बैठक में भी दूसरे पक्ष के लोग पहुंचे और एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। उधर इस बात की सूचना ऐड़का थाना पुलिस को मिली तो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां भी भीड़ हिंसक हो गई और ऐंड़का थाने के टीआई तुलेश्वर जोशी पर हमला कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मां कौशल्या मंदिर में बढ़ेगी सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के चंदखुरी स्थित मां कौशल्या मंदिर में भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। सीएम भूपेश बघेल ने सोमवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट लगाने, वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। वहीं मंदिर आने वाले लोगों के लिए पेयजल हेतु मंदिर के बाहर और अंदर वाटर फि ल्टर लगाए जाएंगे। इसके अलावा मंदिर की बाउंड्रीवाल को आकर्षक बनाया जाएगा। बाउंड्रीवाल में रामकथा को आकर्षक तरीके से उकेरा जायेगा। तालाब में समुद्र मंथन और भगवान विष्णु की मूर्ति के सौंदर्यीकरण के निर्देशित किया गया है। वहीं मंदिर के प्रवेश द्वार पर भव्य उद्यान विकसित किया जाएगा।

सावित्री मंडावी ने ली शपथ : सत्र के पहले दिन भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य सावित्री मनोज मांडवी ने शपथ ली। हाल ही में हुए उपचुनाव में सावित्री मंडावी ने बीजेपी के ब्रम्हानंद नेताम को पराजित किया है। इस सीट पर पहले उनके पति मनोज मंडावी विधायक थे, जो कुछ महीने पहले हार्टअटैक से निधन हो गया।

नोटबंदी पर केंद्र सरकार का फैसला सही, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

■ **एक जज बोलीं- ये ताकत का इस्तेमाल, जिस तरह इसे लागू किया, वो कानूनन सही नहीं**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए केंद्र सरकार के 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया। जस्टिस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने कहा कि आर्थिक फैसलों को बदला नहीं जा सकता। इससे पहले जस्टिस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने पांच दिन की बहस के बाद 7 दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुनाने वाली बेंच में जस्टिस अब्दुल नजीर, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई हादसे में दो बच्चे समेत 4 की मौत

■ **पिकनिक मनाकर लौट रहा था परिवार, छह की हालत गंभीर**

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर में नए साल के पहले दिन रविवार शाम को हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। जबकि छह लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो लोगों को रांची रेफर किया गया है। जबकि चार अन्य स्थानीय होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग पिकनिक मनाकर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। हादसा नारायणपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, जशपुर के ही नारायणपुर में बिलासपुर गांव निवासी अनिल सिंह (42) पुत्र राजेंद्र सिंह अपने परिवार और अन्य रिश्तेदारों के साथ रविवार को पिकनिक मनाने के लिए गुल्लू फाल गए थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरक्षण पर रण! आज कांग्रेस निकालेगी जन अधिकार रैली

■ **प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलेजा व सीएम समेत पूरा मंत्रिमंडल रहेगा शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आरक्षण विधेयक पर जारी सियासी घमसान के बीच कांग्रेस आज राजभवन के खिलाफ बड़ी रैली करने जा रही है। आरक्षण बिल पर राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं करने को लेकर कांग्रेस आज राजधानी में जन अधिकार रैली निकालेगी। इस रैली में पूरे प्रदेश से करीब 1 लाख लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलेजा, सचिव डॉ. चंदन यादव, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम समेत पूरा मंत्रिमंडल भी इसमें शामिल होगा। बता दें कि छग में संशोधित आरक्षण बिल विधानसभा में पारित होने के बाद राजभवन में रुका हुआ है, जबकि राज्यपाल ने आरक्षण बिल को लेकर 10 सवालों की सूची सरकार को भेजी थी। इसका जवाब भी भूपेश सरकार ने दे दिया था, लेकिन अभी तक बिल पर राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

यात्रा..... आज दिल्ली से फिर शुरू होगी यात्रा, दोपहर में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में करेगी एंट्री

30 को खत्म होगी भारत जोड़ो यात्रा, राहुल श्रीनगर में फहराएंगे तिरंगा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा आज 3 जनवरी को फिर दिल्ली से शुरू होगी और उत्तर प्रदेश में एंट्री करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक यात्रा 3 जनवरी को दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके स्थित हनुमान मंदिर से चलेगी और दोपहर में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दाखिल होगी। कांग्रेस महासचिव ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में खत्म होगी। जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी श्रीनगर में तिरंगा फहराएं और यहीं पर यात्रा का सामपन होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक यात्रा तीन जनवरी को दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके स्थित हनुमान मंदिर से चलेगी और दोपहर में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दाखिल होगी।

यात्रा में शामिल होंगे या नहीं अभी स्पष्ट नहीं

अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को भेजे गए पत्र में कहा है कि प्रिय राहुल जी, भारत जोड़ो यात्रा में निमंत्रण के लिए धन्यवाद एवं भारत जोड़ो की मुहिम की सफ लता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। अखिलेश ने आगे लिखा है कि भारत भौगोलिक विस्तार से अधिक एक भाव है, जिसमें प्रेम, अहिंसा, करूणा, सहयोग और सौहार्द ही वो सकारात्मक तत्व हैं, जो भारत को जोड़ते हैं। आशा है ये यात्रा हमारे देश की इसी समावेशी संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। हालांकि, अखिलेश यादव खुद यात्रा में शामिल होंगे या नहीं इस पर उन्होंने पत्र में कुछ भी नहीं कहा।

राहुल ने अखिलेश को दिया निमंत्रण

राहुल गांधी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेज ही दिया। इस पर अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर जवाब दिया और उसे अपने ट्वटिर अकाउंट से साझा भी कर दिया। बीते 29 दिसंबर को अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे क्योंकि उन्हें राहुल गांधी की ओर से कोई निमंत्रण नहीं मिला है। अखिलेश के बयान के बाद अब राहुल गांधी ने उन्हें निमंत्रण भेजा तो अखिलेश ने भी राहुल को शुक्रिया कहा है।

संपादकीय

चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण फैसला

एक लंबे अरसे के बाद चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है जो स्वागत योग्य है। चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बावजूद हमारे देश में मतदान का प्रतिशत औसत ही रहा है। शत प्रतिशत मतदान तो दिवा स्वप्न बनकर रह गया है। कम मतदान की एक बड़ी वजह यह रही है कि लोग अपनी आजीविका के लिए अस्थाई तौर पर अपना घर व शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश छोड़कर अन्यत्र चले जाते है। इसी तरह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में छात्र भी अन्य प्रदेशों में दो चार साल के लिए रहने पर बाध्य हो जाते है जिसके चलते लाखों की संख्या में ऐसे लोग मतदान से वंचित रह जाते है। क्योंकि ये जहां अस्थाई रूप से रहते है वहां इन्हे मतदान का अधिकार नहीं होता। वहां की मतदाता सूची में इनका नाम नहीं होता। जिस पैतृक स्थान पर इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होता है वहां जाकर मतदान करना इनके लिए संभव नहीं हो पाता। इस दिक्कत को देर से ही सही लेकिन अब चुनाव अयोग ने दूर करने का फैसला लिया है। जिसके तहत वोटिंग प्रकिया को सरल बनाने की कवायद की जा रही है। चुनाव आयोग अब रिमोट वोटिंग प्रक्रिया लागू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब दूर दराज में रहने वाले लोग और छात्र अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 72 मतदान केन्द्रों मे इस तरह की मतदान प्रक्रिया को लागू करने का फैसला लिया है और इस बारे में सभी राज्य सरकारों को एक परिपत्र जारी कर उनसे 31 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित किए है। चुनाव आयोग शीघ्र ही इसका डेमों भी देगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में बदलाव का जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया है उसपर सभी राज्य सहमति की मुहर लगाएंगे। यदि सभी राज्य चुनाव आयोग के इस फैसले से सहमत हो जाते है तो निश्चित रूप से अपना प्रदेश छोड़कर अस्थाई रूप से दूसरे प्रदेश में रहने वाले लाखों मतदाताओं को वोट देने का अधिकार मिल जाएगा और मतदान का प्रतिशत भी बढ़ जाएगा। चुनाव आयोग की रिमोट वोटिंग फैसिलिटी के ज़रिये वोटर्स पूरे देश में कहीं से भी अपना वोट डाल सकते हैं। इसके लिए आयोग ने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी RVM का प्रोटोटाइप विकसित किया है। RVM चुनाव कराने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली M-3 ईवीएम का ही अडवांस्ड वर्जन है। इसके ज़रिये एक रिमोट पोलिंग बूथ से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान किया जा सकेगा।

विचार

पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं

किशन भावनानी

परिवार को वीआईपी सुविधा सुविधाएं देता हूं
बच्चों को महंगी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाता हूं
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं
समझदार समझते हैं भ्रष्टाचारी हूं
मेरा ईमान धर्म हरे गुलाबी है
पगार केवल दस हज़ार है
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं
हर काम के लिए सौदेबाजी करता हूं
बाहर दलालों का घेरा बैठा दिया हूं
पूरी चैनल बनाकर भ्रष्टाचार करता हूं
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं
आलीशान बिल्डिंग गाड़ी मेंटेन करता हूं
परिवार सहित ब्रांडेड वस्तुएं यूज करता हूं
सेठों से कम जीवन नहीं जीता हूं
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं
कल किसने देखा है भावनानी का भाव रखता हूं
विपत्तियां आएगीतो हरेगुलाबी से निपट सकताहूं
सब जगह यही चलते हैं जानता समझता हूं
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं।

लघुकथा

आखिर क्यों?

टीकेश्वर सिन्हा

सौतेली माँ के दुर्व्यवहार की पीड़ा झेलती किरण एक शहर में ससुराल आई। सीधा-सादा पति तो मिला; पर सास-ननद की एक खतरनाक जोड़ी से उसका पाला पड़ा। वैसे पति से कोई शिकायत नहीं थी; क्योंकि बचपन में उसने पिता नाम का एक पुरुष देखा था। ससुराल में मिली गरीबी की दंश से बचने के लिए किरण दूसरे के घर काम करने जाने लगी। फिर यहाँ मालकिन रूपी एक विषैली औरत की फुँफ्कार सुनने को मिलने लगी- 'आओ महारानी। अभी तुम्हारा समय हुआ। देखो, अभी कितना काम पड़ा। कौन करेगा यह सब? पेमेंट किसका लेती हो आखिर? एडवांस ही एडवांस चलता है तुम्हारा।' किरण एक शब्द नहीं बोली। चुपचाप अपने काम लग गयी। उसे समय का पता ही नहीं चला। रात हो गयी। आठ-साढ़े आठ हो गया। घर लौटते वक्त मालकिन ने आखिर सुना ही दिया- 'अगर आना होगा तुम्हें, तो सुबह छः बजे आ जाना; वरना कहीं और जगह काम देख लेना।' फटाक.... से दरवाजे की आवाज किरण के कानों पर पड़ी। अपने घर पहुँचते तक अंतरात्मा से घायल किरण असमंजस में पड़ गयी। उसके अंदर एक ही बात चल रही थी कि नारी ही नारी का शोषण क्यों करती है ? आखिर क्यों... आखिर क्यों...?

ऊर्जा से उन्नति की रोशनी फैलाता छत्तीसगढ़

विकास शर्मा

उन्नति के शिखर पर पहुँचने के लिए बिजली का मजबूत और व्यापक तंत्र एक सीढ़ी है। प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। उत्पादन के साथ-साथ उसके पारेषण को अधिक मजबूत करने में सफलता भी मिली। पारेषण हानि को नियंत्रित करते हुए वितरण हेतु गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया गया है। हमारे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर तथा नए उपकेन्द्रों को निरंतर ऊर्जीकृत किया जा रहा है। बीते 22 वर्षों में पॉवर कंपनी के कार्य का विस्तार कई गुणा हुआ है। पॉवर कंपनी के कार्य की व्यापकता को इससे बेहतर समझ सकते हैं कि राज्य गठन के समय जहाँ 19 लाख घरेलू उपभोक्ता थे वहीं आज 61लाख उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली की निरंतर आपूर्ति का दायित्व विषम परिस्थितियों में भी पूरा कर पा रहे हैं। उपभोक्ता सुविधा के विस्तार की दिशा में भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। हर श्रेणी के उपभोक्ताओं की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है।

नया साल, नई सुबह और नया संकल्प। ऐसे ही संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ नए वर्ष में प्रवेश कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार जैसे अहम क्षेत्र में प्रदेश के लोगों को नए प्रयोग और प्रयास नजर आएंगे। वहीं इन सभी के पीछे अहम भूमिका निभाने वाले विद्युत के क्षेत्र में भी बहुत कुछ नया देखेंगे। ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयारी की जा रही है। विकास का पहिया ऊर्जा की शक्ति से घूमता है इस बात को ध्यान में रखकर नए साल की तैयारी प्रदेश में शुरू हो चुकी है। राज्य गठन के बाद प्रदेश ने प्रगति के कई सोपानों को तय किया है। प्रगति के महत्वपूर्ण पड़ावों को छूआ और अब उस प्रगति को निरंतरता देने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश के विकास का पहियाविद्युत की गति से चलता रहे, इसके लिए हमारी ऊर्जा जरूरतोंकी समय पर उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। छतीसगढ़ ने ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के संतुलन को बनाए रखते हुए अपने विकास तंत्र को विकसित किया है। राज्य में बिजली का व्यापक तंत्र विकसित हो चुका है। हम अब आत्मनिर्भरता से आगे निकलकर देश के अन्य राज्यों के विकास को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। बिजली क्षेत्र में विगत दो दशकों का विकास किसी अन्य राज्य के लिए अध्ययन का विषय हो सकती है।

नए साल में अब नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समय है। छत्तसीगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने इसकी तैयारी कर ली है। इसके लिए अधोसंरचना के विकास के साथ ही बेहतर प्रबंधन और प्रौद्योगिकी का समावेश कर उपभोक्ता सेवा को अधिक सरल,सुलभ और सुदृण बनाना है। इस वर्ष पॉवर कंपनी तीन नए अहम कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ने जा रही है। इसमें कुछ के परिणाम तत्काल दिखेंगे तो कुछ कार्य भविष्य को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं।

1320 मेगावॉट का आधुनिक ताप विद्युतसंयंत्र- छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कोरबा पश्चिम में उपलब्ध भूमि पर 660 मेगावॉट की सुपर क्रिटीकल विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना किया जाना है। इस संयंत्र की स्थापना के लिए राज्य शासन की अनुमति मिलने के बाद औपचारिकताओं को पूरा करने की दिशा में कंपनी तेजी से आगे बढ़ रही है। इस संयंत्र के 2030-31 में में शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही विद्युत कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 4300 मेगावॉट हो जाएगी। 7700 मेगावॉट पन बिजली उत्पादन- तकनीक के जरिए संसाधनों का बेहतर उपयोग कर ऊर्जा की बचत और इसका अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। ऐसे ही प्रयोग पॉवर जनरेशन कंपनी विद्युत उत्पादन के लिए करने जा रही है। पंप स्टोरेज तकनीक के माध्यम से प्रदेश में 7700 मेगावॉट बिजली उत्पादन की तैयारी है। बाँधों में जमा पानी को अभी जबकि छोड़ने पर एक ही बार बिजली उत्पादन के लिए उपयोग किया जाता है फिर वह बह कर नदी और नहर में चला जाता है। लेकिन अब तैयारी है कि छोड़े पानी को रोककर फिर उसे ऊपर पंप किया जाएगा और फिर टरबाइन के जरिए विद्युत का उत्पादन होगा। तैयारी इस बात की है कि इस वर्ष से ही इस तकनीक के सहारे विद्युत उत्पादन शुरू होगा और बिजली के मामले में संपन्न हमारा प्रदेश और सशक्त होकर उभरेगा।

स्मार्ट मीटर से मजबूत होगी वितरण व्यवस्था आज विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण के दौरान हानि बहुत होती है। बहुत से उपायों के जरिए इन हानियों को कम करने का प्रयास किया जाता है बावजूद इसके वितरण हानि आज भी देशभर में औसतन 17 प्रतिशत तक है जिसे न्यूनतम स्तर पर लाने की जरूरत है। इसी कड़ी में एक प्रयास है स्मार्ट मीटर व्यवस्था। प्रदेश के 61 लाख विद्युत उपभोक्ताओं में से 54 लाख घरेलू, व्यवसायिक तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों के स्थान पर प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने का काम इसी वर्ष शुरू हो जाएगा। कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर सभी वर्ग के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जोड़ा जाएगा। इस प्रयोग से जहाँ वितरण हानि कम होगी वहीं उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने में सहायक होगी। यह व्यवस्था उपभोक्ता और वितरण कंपनी दोनों को अधिक जिम्मेदार बनाएगी और विद्युत की इस शक्ति के बेहतर और सार्थक उपयोग के लिए आम उपभोक्ता को प्रेरित करेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी का प्रदेश की उन्नति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। पॉवर कंपनी के हजारों कर्मचारियों की लगन जब विद्युत ऊर्जा के रूप में हजारों किलोमीटर तारों में प्रवाहित होती है तब विकास का पहिया तेजी से घूमने लगता है। सतत निगरानी और रखरखाव तंत्र की मुस्तैदी शहरों से दूरस्थ अंचलों तक के हर छोटे- बड़े घरों का अंधेरा दूर कर उजाला फैलाती है।

उन्नति के शिखर पर पहुँचने के लिए बिजली का मजबूत और व्यापक तंत्र एक सीढ़ी है। प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। उत्पादन के साथ-साथ उसके पारेषण को अधिक मजबूत करने में सफलता भी मिली। पारेषण हानि को नियंत्रित करते हुए वितरण हेतु गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया गया है। हमारे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर तथा नए उपकेन्द्रों को निरंतर ऊर्जीकृत किया जा रहा है। बीते 22 वर्षों में पॉवर कंपनी के कार्य का विस्तार कई गुणा हुआ है। पॉवर कंपनी के कार्य की व्यापकता को इससे बेहतर समझ सकते हैं कि राज्य गठन के समय जहाँ 19 लाख घरेलू उपभोक्ता थे वहीं आज 61लाख उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली की निरंतर आपूर्ति का दायित्व विषम परिस्थितियों में भी पूरा कर पा रहे हैं। उपभोक्ता सुविधा के विस्तार की दिशा में भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। हर श्रेणी के उपभोक्ताओं की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। महत्वाकांक्षी हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ अब दिखने लगा है। 42लाख से अधिक से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले घरों में इस छूट का बड़ा अर्थ होता है। नए वितरण उपकेन्द्रों के ऊर्जीकृत होने से लेकर मोर बिजली एप, स्काडॉ सिस्टम, नए एटीपी केन्द्रों, कॉमन सर्विस सेन्टर, पे पाइंट सेंटर की सुविधा ने उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी कार्यों को सुगम बनाया है। उपलब्धियाँ गर्व का अनुभव कराती हैं तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। पॉवर कंपनी अपनी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सदैव तत्पर रहा है। नए वर्ष में एक संकल्प यह भी लेने की आवश्यकता है कि हम लोगों की समस्याओं को लेकर अधिक संवेदनशील रहें।

बेलगाम पर राजनीति से बचें

आशीष वशिष्ठ

महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों के नेताओं को ये बात समझनी चाहिए कि जब मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है तब बेकार की रस्साकशी से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। अभी तक इस विवाद में अनेक लोग हिंसा का शिकार हो चुके हैं वहीं करोड़ों की संपत्ति नष्ट की जा चुकी है। समय-समय पर हुए आंदोलनों में काम धंधे बंद रहने से हुआ नुकसान अलग है। ये सब अनिर्णय की प्रवृत्ति से बंधे रहने का ही दुष्परिणाम है। अव्वल तो भाषावार प्रान्तों की रचना ही ऐतिहासिक भूल थी जिसने देश को बेकार के विवाद में फंसा दिया। तमिलनाडु में भाषा के नाम पर ही अलगाववाद को बढ़ावा मिला। हाल ही में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और द्रमुक नेता डी. राजा ने यहां तक धमकी दे डाली कि हिंदी लादने की कोशिश होने पर तमिलनाडु देश से अलग हो सकता है।

कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों के मध्य बेलागवी को लेकर दशकों पुराना विवाद तथा महाराष्ट्र जिसे बेलगाम जिला कहता है फि र से सुर्खियों में बना हुआ है। बेलगाम या बेलागवी वर्तमान में कर्नाटक राज्य का हिस्सा है लेकिन महाराष्ट्र द्वारा इस पर अपना दावा किया जाता है। किसी विवाद या समस्या को प्रायः इसलिए टाला जाता है कि फैसला करने पर एक पक्ष नाराज हो जाएगा। लेकिन कालांतर में वह और जटिल हो जाता है तब उसका हल तलाशना बेहद कठिन होता है। देश में करीब दस राज्य ऐसे हैं, जिनमें सीमा को लेकर विवाद जारी है। इनमें पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वाधिक फसाद है। ताजा मामला बेलगाम का है।

1956 में भाषावार प्रान्तों की रचना के समय बेलगाम नामक मराठी भाषी जिला कर्नाटक में मिला दिया गया था। इसे लेकर शुरू से दोनों के बीच झगड़ा चला आ रहा है। हिंसक आन्दोलन और संघर्ष भी देखने मिले। राजनीतिक स्तर पर विवाद सुलझाने के प्रयास अनेक मर्तबा उस समय भी हुए जब केंद्र के साथ ही दोनों राज्यों में एक ही दल सता में था और केन्द्रीय नेतृत्व भी काफी ताकतवर था। लेकिन इच्छा शक्ति और दृढ़ता की कमी के कारण मामला अनसुलझा रह गया। फिलहाल प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय के अधीन है। उसका जो भी फैसला आएगा वह दोनों राज्यों पर बंधनकारी होगा। ऐसे में अहम सवाल यह है कि जो मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, वो एकाएक फिर से चर्चा में क्यों आया है? सवाल यह भी है कि इस मामले को लेकर दोनों राज्यों की सरकारें जमकर राजनीति क्यों कर रही हैं? इसका मुख्य कारण निकट भविष्य में कर्नाटक विधानसभा के चुनाव हैं। कर्नाटक विधानसभा में एक प्रस्ताव गत सप्ताह पारित किया गया जिसके अनुसार महाराष्ट्र को बेलगाम की थोड़ी सी भी जमीन नहीं दी जाएगी। जवाब में महाराष्ट्र विधानसभा और विधानपरिषद ने बेलगाम के साथ ही उन 800 ग्रामों पर अपना अधिकार जताने विषयक प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया जहां मराठी भाषी लोगों का बाहुल्य है। पूरी मामले में अहम तथ्य यह है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दोनों को इस बात के लिए राजी कर लिया था कि वे सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करेंगे किन्तु चुनाव करीब होने के कारण कर्नाटक सरकार ने जनता की नाराजगी से बचने विधानसभा में प्रस्ताव पारित करवा लिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र में शिवसेना इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरने में लग गयी। संयोगवश कर्नाटक और महाराष्ट्र दोनों राज्यों में भाजपा सत्तासीन है और केन्द्र में भी उसकी सरकार है। दोनों पक्ष इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी और पैंतरेबाजी से चूक नहीं रहे हैं।

1947 से पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य अलग नहीं थे। तब बॉम्बे प्रेसीडेंसी और मैसूर स्टेट हुआ करते थे। आज के कर्नाटक के कई इलाके भी तब बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा थे। आज के बीजापुर, बेलगावी (पुराना नाम बेलगाम), धारवाड़ और उत्तर कन्नड जिले बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा थे। बॉम्बे प्रेसीडेंसी में मराठी, गुजराती और कन्नड भाषाएं बोलने वाले लोग रहा करते थे। भारत की आजादी के बाद राज्यों का बंटवारा शुरू हुआ। बेलगाम में मराठी बोलने वालों की संख्या कन्नड बोलने वालों की संख्या से ज्यादा थी। बेलगाम नगरीय निकाय ने 1948 में मांग की कि इसे मराठी बहुल होने के चलते प्रस्तावित महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा बनाया जाए। 1956 में जब इन दो राज्यों का पुनर्गठन किया गया था, तो कुछ जिले कर्नाटक के अंतर्गत आए। इसके पहले यह क्षेत्र बॉम्बे जो अब महाराष्ट्र है, उसके अंतर्गत आते थे। जब यह मामला बढ़ गया तो केंद्र सरकार ने इस मामले को सुल्जहने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश मेहर चंद महाजन ने एक आयोग का गठन किया। यह मामला अभी तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और इसे लेकर इन दिनों विवाद और भी जयादा बढ़ गया है।

भाषावार प्रान्तों की रचना करते समय बेलगाम के साथ ही कुछ मराठी भाषी इलाके कर्नाटक में क्यों और कैसे चले गए ये वाकई विश्लेषण का विषय है। लेकिन ऐसा और भी राज्यों में हुआ जिनकी सीमा वाले जिलों में मिश्रित आबादी रहती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश के अनेक इलाके ऐसे हैं जहां महाराष्ट्र की झलक मिलती है। हालांकि वे मराठीभाषी नहीं हैं। इसी तरह मालवा और मध्यभारत के अनेक जिलों में क्रमशः गुजरात और राजस्थान का प्रभाव साफ झलकता है। लगभग सात दशक में बेलगाम की कम से कम दो पीढिया तो बदल ही गईं हैं। दरअसल मुद्दा ये बनाया जाता है कि दूसरी भाषा बोलने वालों के साथ अन्याय होता है जो कुछ हद तक ये सही भी है किन्तु इस तरह के विवाद राजनीतिक कारणों से ही उत्पन्न किये जाते हैं जिनका उद्देश्य अपनी रोटी सेकना ही है। देश की राजधानी दिल्ली में सुदूर दक्षिण से नौकरी करने आये लाखों लोग वहीं के होकर रह गए जिन्हें लेकर कोई विवाद सामने नहीं आया। एक समय था जब शिवसेना उत्तर भारतीयों के विरुद्ध बेहद आक्रामक रहती थी। छठ पूजा तक का विरोध किया जाता था। लेकिन अब उसे भी समझ में आ चुका है कि उत्तर प्रदेश और बिहार से आये लोगों के साथ आत्मीयता कायम करना ही बुद्धिमत्ता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हाल नौ साल में

हाल नौ साल में बदल जाए ज़िन्दगी अब तो कुछ संभल जाए अब के हो ऐसे जश्न की आमद दिल से गम का असर निकल जाए तीरगी जिस तरफ से आती है उस तरफ इक चराग जल जाए सूखते जंगलों की हालत पर अब्र का दिल कभी पिघल जाए इक यही ड़र है ठोकरों से 'सुमन दिल मेरा संग में न ढल जाए। - **चित्रा भारद्वाज**

कैसी ये विरानी है

कैसी ये विरानी है छाई दूर दूर तक क्यूँ है तन्हाई विरान विरान सी हैं यें आंखे विरान विरान सा है ये मन भी दूर दूर तक फैले इस विराने में तेरी यादों ने अपनी खुशबु है फैलाई ये तन भी है मरा मरा सा रूह तो तुझमें है समाई कैसी ये विरानी छाई दूर दूर तक है तन्हाई।

- **डेज़ी जायसवाल**

ख़ास पाती | हमारे दुखों में जो शामिल नहीं

हमारे दुखों में जो शामिल नहीं है ख़ुदा की नज़र में वो काबिल नहीं है जिन्हें फर्क आता नहीं झूठ -सच का वो मुंसिफ सही लेकिन आदिल नहीं है ख़ुशी के तराने लिखूँ बोल किनसे नहीं हर्फ़ऐसा जो बिस्मिल नहीं है सफर में है सदियों से मरुथल की माटी, कहीं इसकी कोई क्या मंजिल नहीं है झुका कर देख लूं बेहयाई नज़र मेरी इतनी भी ज़ाहिल नहीं है जहाँ मसअले सब सुने जायें दिल के कहीं कोई ऐसा क्या कौंसिल नहीं है मुझे सबने किश्तों में मारा है 'आशा' अकेला मेरा कोई क़ातिल नहीं है। - **आशा पांडेय ओझा**

2022 आया था, तब भी ये दिल

2022 आया था, तब भी ये दिल मुस्कराया था, खुशी - गम के साल बीत गया, वक्त फिर इक बार जीत गया, साल 2023 की किरण क्या गुल खिलाएगी, जिन्दगी फिर क्या एक बार हराएगी, हर वर्ष नया साल खुशियाँ लाये कहतें हैं, फिर भी क्यूँ हर साल यूं ही रहते हैं, इस वर्ष भी होली का रंग भी न चढ़ पाया, दिवाली में भी दिया नही जलाया, आज इस वर्ष के डूबते सूरज को रोते देखा, उसके आँसूवों पर जश्न होते देखा हमको भी लोग हैप्पी न्यू इयर बोलते हैं, हम भी सेम टू यूं कह कर खुश होते है। - **पंकज मिश्रा**

सुन कान्हा जकड़ जाता है वो

सुन कान्हा जकड़ जाता है वो व्याधि से, जिसके तन में प्रतिरोध नहीं होता अच्छा है विरोध करना, पर हर बात का विरोध नहीं होता. जीतने के लिए बाजी ज़िंदगी की, संघर्ष भी करती हूँ मैं पाने को अपने हिस्से की खुशियाँ, हर बार तुझसे अनुरोध नहीं होता।

- **अल्का अग्रवाल**

जहर में अब जहर कहां

जहर में अब जहर कहां बदली है शीत लहर कहां। जीने की दुआ देते हैं वो मुझे दुश्मनी का अब असर कहां। वो मुझमे मैं उसमें समाँ जाऊं मोहब्बतों का वैसा असर कहां। घोंसलें घरों की सजावट ज़ब से परिंदे परेशाँ कि वो शजर कहां।

- **सुरेश वैष्णव**

अलविदा एक थकान का अलविदा

अलविदा एक थकान का अलविदा एक झूठ का अलविदा जज्बात का सुबह का इन्तजार नही है सूरज की गुनगुनाती उमंग भरी किरने ठंठ की ठिठुरन हो उमंग भरी जीत हो इंसानियत की कर्तब्य जो मिले है निष्ठा हो मन में लालशा न रहे भाई भाई से प्यार करे माता -पिता का हर घर में आदर हो नारी की सम्मान के लिए मन में आदर हो उस सुबह का मै स्वागत करता हूँ अलविदा एक सफर का नव वर्ष का अभिनन्दन करता हूँ। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

नया यह साल खुशियों का नया

नया यह साल खुशियों का नया विश्वास भर जाए। सभी की मुस्कुराहट में नया मधुमास भर जाए। न जीवन में किसी के भी कभी हो सामना दुख का, कि खुशियों में सभी के हर नया उल्लास भर जाए। - **मां आनंद प्रदीपा**

किसी का दिल ना दुखे यह जरूरी

किसी का दिल ना दुखे, यह जरूरी है मेरे लिए। तो छोड़ सकता हूँ, व्यर्थ की अकड़, और बांट लेता हूँ मुस्कुराहट आज।। बस यही मैं हूँ। कोई बुरा माने अब, तो मैं क्या करूँ।

- **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) बीकानेरी ऊँट की नस्ल को किन नस्लों के संकरण से तैयार किया जाता है?
2) जब संतान अपने माता-पिता से भिन्न हो जाती है तो उसे क्या कहते हैं? (विभिन्नता / प्रगुणता)
3) विश्व की सबसे लम्बी बुलेट ट्रेन कहां चली है?
4) विदेशी यात्रियों में से किसने भारत के हीरों और हीरे की खदानों की विस्तृत रूप से चर्चा की?
5) वर्ष 2022 में आयोजित अखिल भारतीय आधिकारिक भाषा सम्मेलन की मेजबानी कौन-सा शहर ?

उत्तरमाला- (1) सिन्धी और बलूची (2) विभिन्नता (3) चीन (4) ज्यां-बैप्टिस्ट टैवर्नियर (5) सूरत

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1831: देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म। 1836 : मुंशी नवल किशोर का जन्म। 1880 : 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' का पहला अंक बम्बई में प्रकाशित। 1894 - रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शांति निकेतन में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया। 1901 - शांति निकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला 1911 - अमेरिका में डाक बचत बैंक का उद्घाटन हुआ। 1929 - महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले। 1938 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने पोलियो की बीमारी का इलाज ढूंढ़ने के लिए एक फाउंडेशन की स्थापना की। रूजवेल्ड 1921 में इस बीमारी की चपेट में आए थे। 1943 - टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया. 1956 - फ्रांस में एफिल टॉवर के ऊपरी हिस्से में आग लगने से नुकसान। 1959 : अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया। 1974 - बर्मा (अब म्यांमार) में संविधान को अंगीकार किया गया। 1980 : अफगानिस्तान के राष्ट्रपति बाबरक कर्माल ने सोवियत हमले को सही ठहराया। 1993: अमेरिका और रूस इस बात पर राजी हुए कि वे अपने-अपने परमाणु हथियारों के भंडार को आधा कर देंगे। 2001 : हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क के सीनेटर के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह देश के इतिहास में पहली पूर्व प्रथम महिला हैं, जिन्होंने चुनावी विजय हासिल की। 2004 : मंगल के अन्वेषण के लिए निकला अंतरिक्ष यान रोवर स्पिरिट ग्रह के रासायनिक और भौतिक संयोजन के अध्ययन के लिए मंगल पर उतरा।

जंगल सफारी की सुरक्षा व्यवस्था में 34574823 करोड़ हुए खर्च



रायपुर/नवप्रदेश। अटल नगर नवा रायपुर में स्थित जंगल सफारी में रखे गए जानवरों व वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा में जनवरी 2020 से नवंबर 2022 तक सामान्य व गेटमनी मद से 34574823 करोड़ रुपये खर्च हुए है। उक्त जानकारी विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जनता जोगी कांग्रेस की विधायक डा. रेणु अजीत जोगी के सवाल पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बाड़ों में ड्रायमोट तथा स्टैंड ऑफ बेरियर का निर्माण तथा पैडाक एरिया को मजबूत आधार वाले जीआई चैनलिंक से घेरा गया है। समस्त परिवहन सफारी में बसों को मजबूत जाली से घेरा गया है तथा दरवाजों पर गाईड की नियुक्ति की गई है। पूरे परिसर की बाड़ा बंदी की गई है। इन सब में साामन्य मद से 2,15,60185 करोड़ रुपये तथा गेटमनी मदद से 1,30,14,638 करोड़ रुपये खर्च हुए है।

2023 के लिए बीजेपी की तैयारी शुरू जामवल कार्यकर्ताओं को कर रहे रिचॉर्ज

- छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल के फार्मूले से भाजपा को बूथ स्तर पर मिल रही मजबूती, दूर हो रही नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा के चुनावी रथ की रफ्तार बढ़ती नजर आ रही है। स्वयं क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सारथी बने हुए हैं। जामवाल प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों का स्वयं बारीकी से परीक्षण कर रहे हैं। अभी तक उन्होंने 25 से अधिक विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। वह क्षेत्रवार कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की नाराजगी की वजहों का फीडबैक ले रहे हैं।

पार्टी सूत्रों की मानें उनका सबसे ज्यादा फोकस उन सीटों पर है, जहां पर क्षेत्रीय समीकरण भाजपा के लिए पिछले चार वर्ष के बाद भी अनुकूल नहीं है। भाजपा की अंदरूनी सर्वे रिपोर्ट में ऐसे विधानसभा क्षेत्रों को लाल घेरे में रखा गया है, जहां जीत की संभावना बेहद कम महसूस की जा रही है।

इन जगहों पर जामवाल अपने फार्मूले का इस्तेमाल करके जीत की राह सुनिश्चित करने को मशक्कत में लगे हुए है। जामवाल कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर उत्साह का बूस्टर डोज दे रहे हैं। ताकि चुनावी वर्ष में कार्यकर्ताओं की मदद से पार्टी पर उठने वाली उंगलियों को नीचे किया जा सके। वर्ष 2018 में सत्ता से बेदखल होने के बाद भाजपा एक फिर सत्ता वापसी के लिए जूझ रही है। शीर्ष नेतृत्व ने क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह सत्ता वापसी के लिए रणनीति है। वह अब तक रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर संभाग के बाद बस्तर का दौरा कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला निवासी जामवाल पूर्वोत्तर के बाद अब छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश में भी भाजपा की जड़ें मजबूत करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पूर्वोत्तर में भी उनके पास क्षेत्रीय संगठन मंत्री का दायित्व था और वहां भी उन्होंने अपने फार्मूले से जीत दिलाई थी। मध्य प्रदेश में भाजपा सत्ता में है जबकि छत्तीसगढ़ में सत्ता से बाहर। ऐसे में छत्तीसगढ़ उनकी प्राथमिकता में है।

पिछली खामियां की न हो पुनरावृत्ति

जामवाल जहां-जहां जा रहे हैं वहां वह जिला, मंडल के पदाधिकारियों व मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रों की छोटी-छोटी बैठकों में एक-एक कार्यकर्ता से सीधे बात कर रहे हैं। अपना संपर्क नंबर दे रहे हैं और कह रहे हैं कि यदि किसी भी तरह की बात हो तो मुझे सीधे बता सकते हैं। जामवाल का फार्मूला यही है कि चुनाव के लिए हमारे पास कुछ ही महीने शेष हैं इसलिए अब हर कार्यकर्ता अपने गांव के अलावा पड़ोसी गांवों तक संपर्क को बढ़ाएं। हर क्षेत्र में कम से कम तीन दिन गुजार रहे हैं और सारी चीजों की निगरानी भी खुद कर रहे हैं। जिले, मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के घर में ही भोजन भी कर रहे हैं।

नारायणपुर की घटना दुर्भाग्यजनक : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने नारायणपुर की घटना को दुर्भाग्यजनक बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आरएसएस और भाजपा समाज में जो वैमनस्यता फैलाती है यह उसी का नतीजा है। लंबे समय से छत्तीसगढ़ के वनांचलो और आदिवासी समाज के बीच में भाजपा, आरएसएस जो विषवमन करने का काम कर रहे है उसके कारण लोगो में आपसी सद्भाव खराब हुआ है और परस्पर विद्वेष पनप रहा है इस प्रकार की घटना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी जहां पर सत्ता में नहीं रहती तथा जनसरोकारो से जब दूर हो जाती है तब धर्म का सहारा लेकर राजनीति करती है। जहां पर मुसलमान हाते है वहां पर हिन्दू मुसलमान के बीच झगड़ा करवाती है। जहां पर ईसाई होते है वहां हिन्दू ईसाई के बीच दंगे करवाती है। जहां पर दूसरे धर्म के लोग नहीं होते है वहां पर उसी धर्म जाति के लोगों के बीच में आपसी दंगे करवाती है, यही काम वह छत्तीसगढ़ में करने में लगी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आदिवासी समाज के हितों की रक्षा करने तथा आदिवासी संस्कृति को संवार्धित करने के लिये कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लगातार आदिवासी समाज के हित में फैसले लिये गये है। आदिवासी समाज के शैक्षणिक और आर्थिक तथा सामाजिक और संवैधानिक हितों की रक्षा करने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार पूरी तरह सगज है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मातंरण विरोधी कानून लागू है कहीं पर भी यदि धर्मातंरण की शिकायत मिलती है उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी यह घोषणा अनेकों बार किया है कि कहीं भी कोई भी जबरिया धर्मातरण जैसी गतिविधि में शामिल है तो उसके खिलाफ थानों में शिकायत आने पर कार्यवाही जरूर होंगी। लोग कानून हाथ में लेने के बजाय कानून का सहारा लें।

महिला एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराधों की रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। बीते 29 दिसंबर को एनआईटी कैम्पस इंडियन कॉफी हाउस रायपुर में युवा विकास मंडल एवं मैत्री नेटवर्क के सहयोग से महिला एवं बच्चों पर हो रही अपराध कि रोकथाम को लेकर शासकीय विभागों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक सेवी संस्थाओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्व मुख्य अतिथि रुप में उप पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी, विशेष अतिथि डीज़एसज़्पी ललिता मेहर, अतिथि महिला थाना की टीज़आई कविता जी, सीज़डब्ल्यूज़सीज़ के चेयरपर्सन सरवत नकवी जी, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक प्रीति पांडेय कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रुप में उप पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी, ललिता मेहर, टीआई कविता के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया, कार्यक्रम में युवा विकास मण्डल संस्था सें एकता भादौरिया द्वारा संस्था का परिचय दिया गया। अतिथि द्वारा कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया, बताया गया कि आज के माहौल में सबसे अधिक जो अपराध हो रहे है, वह महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े साइबर क्राइम के मामले सामने आ रहे है, इसको लेकर समुदाय स्तर के स्थानीय लोगों, स्कूली विभागों पर कार्य करने की आवश्कता हैं, जिससे अपराधियों को रोका जा सकेद्ध अपराधों की रोकथाम को लेकर समुदाय स्तर संगठन निर्माण बच्चों में जागरूकता शिविर, एवं युवाओं को कानून जानकारी उपलब्ध करवाना। जिससे अपराध कम हो सके। साथ ही संस्थाओं एवं शासकीय विभागों द्वारा पीड़ित महिला एवं बच्चियों को मनोचिकित्सा परामर्श, शिक्षा सहयोग राशन एवं पूनर्वस को लेकर आर्थिक सहयोग दिया जाता हैं। साथ ही बच्चों एवं महिला के साथ काम करने वाले शासकीय विभाग के साथ समन्वय कर पीड़ित परिवार को उपाय दिलाने का कार्य किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में सखी सेन्टर द्वारा दी जाने वाली सहयोग के बारे में प्रीति पाण्डेय द्वारा बताया गया। पुलिस विभाग से एज़एसज़आई पूर्णिमा तिवारी, मीना यादव, के पद्मा, लॉ स्टूडेंट, जिंदगी न मिलेगी दोबारा संस्था से सुषमा तीसरी, विधिक सेवा प्राधिकरण व नासा के अधिवक्ता रानी लक्ष्मी साहू, ममता शर्मा, सांध्य शर्मा, शारदा शर्मा, उपस्थित हुए। युवा विकास मंडल की अधिवक्ता रूपाली शर्मा, सोनिका देवांगन, लक्ष्मी सिंह द्वारा कार्यक्रम उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया गया, एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

पंप कनेक्शन के 58632 आवेदन लंबित

रायपुर। भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में पंप कनेक्शन के लिए स्वीकृत तथा लंबित आवेदन का मामला विधानसभा के प्रथम दिन उठाया। जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि प्रदेश में 58632 आवेदन लंबित हैं। शर्मा ने प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री से पूछा कि प्रश्नावधि के दौरान किस जिले में कितने (स्थायी तथा अस्थायी) पंप कनेक्शन लगे तथा कितने स्थायी कनेक्शन देना शेष है? इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रश्नाधीन अवधि में 30 नवंबर 2022 की स्थिति में 51926 कृषि पंपों के आवेदन विद्युत लाईन विस्तार के लिए एवं 6706 आवेदन भुगतान के लिए अथवा स्वीकृति लंबित है। इस प्रकार 58632 आवेदन लंबित है।

भाजपा के आरक्षण विरोधी चरित्र के खिलाफ साइंस कॉलेज में कांग्रेस की जनअधिकार महारैली आज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के आरक्षण विरोधी चरित्र के खिलाफ साइंस कॉलेज में कांग्रेस की जनअधिकार महारैली आज। रैली में एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव चंदन यादव, मंत्री, विधायक गण रैली में शामिल होंगे। 70 से अधिक समाजों के लोग रैली में शामिल होंगे। कांग्रेस के द्वारा रैली की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। प्रदेश के सभी जिलों और ब्लॉकों से लोग रैली में शामिल होने आ रहे हैं, जिसमें प्रदेश भर से 1 लाख से अधिक युवा आरक्षण विधेयक पर भाजपा के असली चरित्र को जनता के सामने लायेंगे। साइंस कॉलेज मैदान सामाजिक न्याय की मांग का सूत्र धार बनेगा। जहां 3 जनवरी को प्रदेश के सभी समाज के वंचित लोग अपने अधिकारों की आवाज को बुलंद करने एकत्रित होंगे। कांग्रेस सरकार को सर्व समाज को आरक्षण देने का राजनैतिक रूप से श्रेय नहीं मिले इसलिये भाजपा राजभवन में आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है। रैली के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राजभवन जाकर बिल पर हस्ताक्षर करने ज्ञापन भी सौपेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा और संघ के राष्ट्रीय नेता तथा राज्य के नेता एक राय होकर सर्व समाज के आरक्षण को राजभवन में रोकवा कर रखे हुये है। आरक्षण बढ़ाने संबंधी विधेयक जब कर्नाटक विधानसभा में पारित होता है तब वहां पर राज्यपाल हस्ताक्षर करते है जब वैसा ही आरक्षण विधेयक छत्तीसगढ़ विधानसभा और झारखंड विधानसभा में पारित किया जाता है तो राज्यपाल हस्ताक्षर नहीं करती है। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने विधेयक बनाया श्रेय आपकी पार्टी (भाजपा) को मिलेगा तो वहां ठीक छत्तीसगढ़, झारखंड में कांग्रेस की सरकार है वहां विरोध कर रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा आरक्षण विधेयक पर अपना मत स्पष्ट करें वह आरक्षण संशोधन विधेयक के किस पहलू से असहमत और क्यों राजभवन में आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है? भाजपा को आदिवासी समाज को दिये गये 32 प्रतिशत आरक्षण पर आपत्ति है अथवा वह अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये किये गये 27 प्रतिशत आरक्षण से असहमत है? भाजपा को इस बात का विरोध है कि नये आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जाति के लिये किये गये 13 प्रतिशत आरक्षण के लिये विरोध कर रही है?

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। एम्स अस्पताल के गेट नंबर 2 के पास पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दलदल सिवनी मोवा निवासी प्रार्थी मुकेश धीवर 18 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि एम्स अस्पताल के गेट नंबर 2 के पास आरोपी गोकुल साहू अपने दोस्त के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। सुभाष नगर तेलीबांधा में मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष नगर तेलीबांधा निवासी प्रार्थी उमेश नगरिया 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संदीप नगरिया ने प्रार्थी की पत्नी से गाली-गलौज कर रहा था। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विवेक सिंह कुश्वाहा 30 वर्ष एमआर कालोनी टैगोर नगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह जोरा ओव्हरब्रीज के तरफ गया था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 304 एके तहत कार्रवाई की है।

ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

रायपुर/नवप्रदेश। लालपुर चौक के पास ऑटो रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी प्रार्थी इमंति कार्तिक 24 वर्ष अपने दोस्त खिलेश कुमार लोधी के साथ बाइक से लालपुर आया था। तभी ऑटो रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनजेड 0344 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों को चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। रामलीला मैदान रावाभाठा मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

जन चौपाल में आज मिले 30 से अधिक आवेदन

जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने कलेक्टर डॉ भुरे को बताई समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जन चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। विभिन्न शिकायत एवं मांग संबंधित 30 से अधिक लोगों ने आवेदन दिया। जनचौपाल में आज रायपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड 14 के पुरुषोत्तम श्रीवास्तव ने खसरे की नकल प्राप्त करने, ग्राम पिरदा के किसान गुरमेल सिंह सैनी ने अपना खसरा दुरुस्त कराने आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर डॉ भुरे ने संबंधित विभाग को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। महादेव घाट रोड यादव मोहल्ला निवासी काजल यादव ने अपनी भूमि से लगी शासकीय भूमि में किये गये अवैध कब्जे को हटवाने, ग्राम कुर्रा के बलिराम विश्वकर्मा ने सरपंच द्वारा मजदूरी भुगतान नहीं किए जाने, ग्राम गातापार के थान सिंह नवरंगे ने गांव में शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने की शिकायत लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एस.डी.एम रायपुर को फोन कर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार तिल्दा निवासी मनमोहन प्रसाद गुप्ता ने सार्वजनिक रास्ते पर बलपूर्वक अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने प्रकरण को उचित प्रतिवेदन के साथ भेजने कहा। छोटा अशोक नगर निवासी बुध कुंवर बाई सतनामी ने घर के पट्टे का नामांतरण कराने, अवंती विहार के महेश सिंह ने हिंदी अभिलेख से नकल प्राप्त करने, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनीष शर्मा ने आपदा राहत राशि दिलाने, जनपद पंचायत अभनपुर के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने क्लब व ग्राम कुर्रा वासियों के लिए सामुदायिक भवन की स्वीकृति हेतु, ग्राम कुर्रा के ही भूपेश कुमार साहू ने शिव तालाब से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 तक सीसी रोड का निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के कैलेंडर का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाईयां दी। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संचालनालयीन (विभागाध्यक्ष) शासकीय कर्मचारी संघ श्री राम सागर कौशले और छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के सदस्य सर्वश्री चन्द्रशेखर तिवारी, सतीष मिश्रा तथा पंकज पांडेय भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री से अनुसूचित जाति आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में अनुसूचित जाति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के नेतृत्व में आए अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री के. पी. खांडे, डॉ. जे. आर. सोनी, सुंदर जोगी, डी. एस. पात्रे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एम्स में मेडिकल छात्रों ने ली हिपोक्रेटिक शपथ ज्ञान से समाज को करेंगे स्वस्थ और समृद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के वर्ष 2018 बैच के एमबीबीएस छात्रों ने नए वर्ष की शुरूआत अनूठे अंदाज में करते हुए हिपोक्रेटिक शपथ ली। उन्होंने जीवनभर निरंतर ज्ञान अर्जित करने और इसे समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाने के लिए उपयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र और चिकित्सक उपस्थित थे। एम्स परिसर में प्रातः आयोजित इस कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और अधिष्ठाता (अकादमिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में सभी ने हिपोक्रेटिक शपथ ली। नए चिकित्सकों ने वरिष्ठ चिकित्सकों के ज्ञान का सम्मान करने और गंभीर मसलों में बिना किसी हिचकिचाहट के उनकी राय लेने, रोगियों की निजता और जानकारी को गोपनीय बनाए रखने और बीमारियों की रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठाने की शपथ ली। प्रो. नागरकर का कहना था कि शपथ ग्रहण सभी चिकित्सकों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इससे विशेषाधिकारों के साथ मिलने वाली जिम्मेदारियों का भी अहसास होता है। शपथ समाज में सम्मान के साथ ही निरोगी वातावरण प्रदान करने में उनकी महत्वता का अहसास भी कराती है। इस अवसर पर प्रो. सरिता अग्रवाल, प्रो. नितिन आर. गायकवाड़, प्रो. अनिल के. गोयल, डॉ. सत्याकी गांगुली और डॉ. प्रीतम एन. वासनिक भी उपस्थित थे।

लोन के नाम पर किसान से 12 लाख की ठगी

■ मानक प्लास्टिक के उपयोग के लिए किया जाएगा प्रचार-प्रसार ताकि अमानक प्लास्टिक कचरों के उपयोग में आए कमी

दुर्ग/नवप्रदेश। पुत्र की किडनी फेल हो चुकी है जिसका उपचार 2020 से जिले के स्थानीय चिकित्सालयों में चल रहा है। डॉक्टर ने माँ को बताया कि पुत्र के सफल ईलाज के लिए किडनी ट्रांसप्लांट करनी पड़ेगी। माँ अपना किडनी देने के लिए तैयार है, इसलिए माँ आज अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह इंदिरा नगर की निवासी है और उनके पति का देहांत हो चुका है। पुत्र का ईलाज स्पर्श हॉस्पिटल सुपेला, रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर और मित्तल हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई जैसे संस्थानों में सतत् रूप से करा रही हैं। आर्थिक रूप से सक्षम् न होते हुए भी रिश्तेदारों से मदद लेकर 02 वर्ष से पुत्र का डायलिसिस करा रही है। आज पुत्र की जिंदगी बचाने के लिए किडनी ट्रांसफर कराने की आवश्यकता है, डोनर के रूप में माँ स्वयं तैयार है। लेकिन आर्थिक स्थिति माँ और पुत्र के रिश्ते के बीच का रोड़ा बन रही है। मदद के लिए उसकी निगाहें शासन और प्रशासन पर टिकी हुई हैं। अपने पुत्र के संपूर्ण दस्तावेजों के साथ वो जनदर्शन पहुंची थी। कलेक्टर ने वस्तु स्थिति का संज्ञान लिया और माँ को यथा संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने त्वरित रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवेदन प्रेषित किया और शासन द्वारा चल रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना से आवेदक को लाभ मिल सके इसके लिए संबंधित अधिकारी को आवेदक को त्वरित मदद के लिए निर्देशित किया।

इसके अलावा लोन को लेकर धोखाधड़ी का मामला भी जनदर्शन में पहुंचा था। जिसमें आवेदक द्वारा लाखों की धोखाधड़ी की शिकायत की गई थी। आवेदक किसान का कथन था कि जिला बेमेतरा में काम करने वाले एजेंट द्वारा 12 लाख गबन किया गया है। आवेदक ग्राम ढेकापुर खम्हरिया का रहने वाला है। आवेदक का कहना है कि एजेंट बहुत सारे किसानों को लोन दिलाने का कार्य करता था। जिसके प्रलोभन में आकर मैने भी उसके द्वारा देना बैंक बेरला से 2017 में 24 लाख का लोन लिया। जिसके 12 लाख रूपए की राशि मुझे चेक के माध्यम से प्राप्त हुई। परंतु शेष राशि का चेक मुझे प्राप्त नहीं हुआ एजेंट से संपर्क करने पर उसने चेक बाद में देने की बात कही। परंतु उसी ने मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर चेक के 12 लाख रूपए निकाल दिए। आज आवेदक के नाम से 30 लाख रूपए का नोटिस तामिल किया जा रहा है। आवेदक इस धोखाधड़ी की वजह से आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से परेशान है आवेदक का कथन है कि उसके अलावा उसके जैसे कई किसान एजेंट के द्वारा ठगे गए हैं इसलिए आवेदक का निवेदन है कि उसे धोखाधड़ी में न्याय दिलाया जाए और किसानों को भी इस प्रकार के धोखाधड़ी से बचाया जाए। कलेक्टर ने आवेदन एस.पी. डॉ. अभिषेक पल्लव को प्रेषित किया।

प्लास्टिक कचरे की समस्या को लेकर आज एक सामाजिक सेवा संस्था जनदर्शन पहुंची थी। जिसमें प्लास्टिक कचरे से होने वाले प्रदुषण को रोकने के लिए अपना आवेदन लगाया था। उन्होंने अपने आवेदन में शराब भट्ठी, गार्डन, पर्यटन स्थल, तालाब, मैदान व अन्य स्थलों को चिन्हित किया था। जहां प्लास्टिक के कचरे का भंडारण होता है। जिसमें नगर के आसमाजिक तत्वों का भी विशेष योगदान रहता है। आवेदक का प्लास्टिक कचरे को लेकर कथन था कि इससे विशेष रूप से पशुधन को हानि पहुंच रही है। पशुधन प्लास्टिक को खाकर मर रहे हैं। इसके अलावा प्लास्टिक के कचरे का प्रबंधन सही तरीके से नहीं हो पाने के कारण सिवरेज व नालियों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। आवेदक ने आवेदन में इसके निपटारन के लिए सुझाव भी अंकित किए थे जिसमें उसने प्लास्टिक के कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग में लाने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने आवेदन को संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया और मानक प्लास्टिक के उपयोग को और बढ़ावा दिया जाए इसके लिए प्रचार-प्रसार व समय-समय पर निगम अमले द्वारा कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया।

आयुक्त ने ठगड़ा बांध का किया भ्रमण

■ बांध निर्माण कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय,भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी और ठेकेदारों के साथ निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ा बांध निर्माण सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। आयुक्त ने कहा कि फूड जोन में विविध तरह का आप्शन उपलब्ध होने से यहां सैर सपाटे के लिए आने वाले लोग आनंद भी उठा सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों के साथ पहुंचकर ठगड़ा बांध में चल रहे निर्माण एवम सौंदर्यकरण कार्य का अंतिम छोर तक जायजा लिया साथ ही उन्होंने कहा कि ठगड़ा बांध का लोकेशन बहुत शानदार है।इसके बगल में जैव विविधता पार्क है। चारो ओर पेड़ पौधे लगाने को कहा सुबह और शाम का समय गुजारने के लिए यह बेहद आदर्श स्थल साबित होगा। यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए यह सुकून का अनुभव हो और वह शाम बिताने बार-बार यहां आना चाहे इसके लिए लैंडस्कैपिंग बेहद खास रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी सरोवर का सबसे खास हिस्सा उसका आइलैंड होता है अतः इसके लैंडस्कैपिंग पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके निर्माण में अन्य उद्यानों में जिस तरह से खूबसूरत प्रयोग किए गए हैं उनका भी ध्यान रखें। लाइटिंग की व्यवस्था बेहतर हो ताकि शाम के वक्त लाइटिंग तथा शानदार लैंडस्कैपिंग से पूरा व्यू निखर जाए। एप्रोच ब्रिज का किया जा रहा निर्माण,निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लैंड स्कैपिंग के लिए विशेष रुप से ध्यान दिया जा रहा है।साथ ही ठगड़ा बांध के आईलैंड तक पहुंचने का अनुभव भी बहुत सुंदर होगा, इसके लिए जो ब्रिज बनाया जा रहा है वो एप्रोच ब्रिज आठ फिट चौड़ा है। इस एप्रोच ब्रिज का तल पारदर्शी होगा। पारदर्शी होने के चलते एप्रोच ब्रिज और आईलैंड की खूबसूरती और निखर जाएगी। ब्रिज से पैदल गुजरने वाले लोगों को नीचे का सरोवर देख कर बहुत खुशी होगी। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठगड़ा बांध निर्माण कार्यो के लिए काम करने वालो की संख्या बढ़ाये,ताकि निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सके।ठगड़ा बांध में बन रहें आईलैंड के विकास कार्य में हो रहें देरी को लेकर उन्होंने ने इंजीनियर व ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक को दी विदाई

उतई/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला घुघसीडीह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के प्रधान पाठक बंशीलाल नेताम को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत घुघसीडीह के सरपंच गोवर्धन बारले थे। अध्यक्षता पूर्व माध्यमिक शाला घुघसीडीह के प्रधान पाठक एसडी कुरैशी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोवर्धन बारले ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते है। शिक्षक को देवतुल्य माना गया है। वह ज्ञान का प्रकाश फैलाते है। अध्यक्षीय उदबोधन में एसडी कुरैशी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। सरकारी सेवा में पदोन्नति और स्थानान्तरण एक प्रक्रिया है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक की सुदीर्घ जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बंशीलाल नेताम ने अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए बच्चों को चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा पाने के लिए श्रम और मेहनत करने की जरूरत है। अंत मे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच प्रहलाद चंद्राकर, गोपाल ठाकुर, पंच सन्तोषी गेंड्रे, पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के प्रधान पाठक एचएस देवांगन, उतई के प्रधान पाठक मुरली लाल ध्रुव, दुर्गेश मेश्राम, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे, रेखराम कोठारी, अशवनी यादव, नीलू विशकर्मा, मधुकांता कोर्राम, मोनिका पाल, कमोद सिंह ध्रुव, उमेश कामड़े, लक्ष्मी चंद्राकर, राधिका ठाकुर, सरस्वती कोठारी सहित पालक व बच्चे मौजूद थे।

निगम आयुक्त का फरमान : साफ-सफाई व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा

■ आयुक्त पहुँचे वार्ड 36 गंज पारा, वार्ड निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था और भी बेहतर करने दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 गंजपारा में गलियों और सड़कों में साफ सफाई व्यवस्था और भी बेहतर करने के दिये निर्देश। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान वार्ड के सुपर वाइजर को प्रतिदिन शहर के अपने वार्ड क्षेत्रो के गलियों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,सफाई दरोगा और सुपर वाइजर मौजूद थे। इसके अलावा आयुक्त श्री चन्द्राकर ने सीधा संदेश दिया कि साफ सफाई व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त रखें। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं। गंजपारा क्षेत्र सहित आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि गंजपारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे कबाड़ गाड़ी पड़ी हुई है कार्रवाही करें साथ ही लोगो के द्वारा मकान निर्माण होने के पश्चात इसके मलबे को सड़क के किनारे मकान मालिक द्वारा ऐसे ही खुले में छोड़ दिया गया है, उन्होंने कहा कि मकान मालिक को मलबा हटवाने को कहे अथवा समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें और मलबा हटवाए। सड़क किनारे मलबा पड़े होने के कारण आवागमन में बाधा के साथ ही दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है तथा गंदगी का आलम नजर आता है इसके साथ ही यह नाली को जाम कर देता है जिससे नाली सफाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगो पर कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान जोरो से चल रहा है शहर की सभी बड़े नाले एवं वार्डो में स्थित छोटी एवं बडी नालियों की सफाई व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखी जा रही है और साफ -सफाई लगातार जारी है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान देखा कि कचरा निष्पादन किए जाने के बाद भी झिल्ली- पन्नी सड़क किनारे में इधर-उधर बिखरे पड़े हैं व नाली की सफाई सही ढंग से नही हो रही है इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और सुपरवाइजर को स्पॉट पर नियमित रूप से सही ढंग से सफाई कराने के निर्देश दिए। सफाई में लापरवाही न हो, इस पर विशेष ध्यान देने कहा।

लिटिया की स्व सहायता समूह ने बनाए पेंट

दुर्ग/नवप्रदेश। लिटिया के धान खरीदी केंद्र में कुछ समय पहले बनाये गये चबूतरों को सुंदर रंगों के डिस्टेंपर से सजाया जा रहा है। इन चटख और खिले रंगों को देखकर कोई भी सहज रूप से यह कहेगा कि इसके लिए डिस्टेंपर की खरीदी किसी हार्डवेयर स्टोर से किसी एमएनसी के चटख रंगों के कैटलाग से देखकर की गई होगी। यह जानकर आश्चर्य होगा कि इतने सुंदर रंग से भरे यह पेंट ग्राम लिटिया में ही स्वसहायता समूहों की दीदियों ने तैयार किये हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पश्चात सरकारी भवनों में इसका कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने साजा विधानसभा के ग्राम बोरी में भेंट मुलाकात के दौरान इसका निरीक्षण भी किया था और स्वसहायता समूहों की महिलाओं से इस संबंध में चर्चा भी की थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा था कि आजीविका के लिए जितने नवाचार करेंगे और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त सामग्री तैयार करेंगे, उतना ही आपके लिए आय की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। ग्राम लिटिया की ग्रामीण बहनें गांव में ही डिस्टेंपर निर्माण कर रही हैं। डिस्टेंपर यूनिट की निर्माण क्षमता हर दिन हजार लीटर तक की है। उन्होंने इसका विक्रय भी आरंभ कर दिया है। साथ ही सरकारी इमारतों में डिस्टेंपर के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अधिकारियों को विभागीय इमारतों में प्राकृतिक पेंट से पेंटिंग कराने के निर्देश दिये हैं जिस पर कार्रवाई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई है।

कीमत 225 रुपए प्रति लीटर, इस नंबर में कर सकते हैं संपर्क- इस प्राकृतिक पेंट की कीमत 225 रुपए प्रति लीटर रखी गई है। इसके क्रय के लिए 99936-24545 पर तथा 6260346241 पर संपर्क कर सकते हैं।

निगम सचिव रहे जीवन वर्मा सहित पांच अन्य कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के 6 अधिकारी/कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्हें निगम प्रशासन ने विदाई समारोह का आयोजन कर ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास ने सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया और इन कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, एमआईसी मेंबर एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य संदीप निरंकारी, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, सुरेश कुमार वर्मा, रिकेश सेन, महेश वर्मा, हरिओम तिवारी भी मौजूद रहे। निगम से दिसंबर माह में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारियों में जीवन लाल वर्मा आत्मज परदेशी राम वर्मा, स्टेनोग्राफार ग्रेड 3 जोकि निगम सचिव का कार्य लंबे समय से देख रहे थे, पंप सहायक वेद राम जोशी आत्मज भागीरथी जोकि योजना शाखा में पदस्थ थे, अशोक कुमार सिंह पिता शिवलाल प्रसाद सिंह हेल्पर, क्लीनर जोकि सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ थे।

महापौर व आयुक्त ने किया गौरव पथ चौड़ी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। / नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गौरवपथ का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण 5 करोड़ 44 लाख की लागत से बनने वाले कार्य का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुँचे।गांधी चौक से सुआ चौक तक गौरव पथ के चौडीकरण व उन्नयन कार्य प्रगति पर है। उक्त मार्ग चौडीकरण व उन्नयन कार्य में बाधक पदमनाभपुर, पटेल काम्पलेक्स के सामने स्थित गुमटियो - दुकानों को उसी मार्ग क्षेत्र में व्यवस्थित किया जावेगा।दुकानदारो को 07 दिवस के भीतर आबंटित गुमटी को स्वयं पीछे हटाकर व्यवस्थित करने को कहा गया है।आज निरीक्षण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुकानदारों से मुलाकात कर मौजूद अधिकारी को निर्देश दिया कि दुकान

दारो को सहयोग कर दुकान व्यवस्थापन के लिए दुकानों को 6 फिट तक पीछे करवाने मदद करें।करीब डेढ़ मीटर चौड़ी डिवाइडर के दोनों ओर 7.7 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। गौरव पथ टू लेन का होगा। सडक् के चौड़ी होने से नागरिकों को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी। गौरवपथ के वर्तमान स्वरूप को बेहतर नया लुक देने तथा सुगम आवागमन के लिए इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि गौरवपथ का चौड़ीकरण जेल तिराहा से जेआरडी स्कूल के सामने स्थापित गांधी की प्रतिमा तक किया जाएगा और सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण किया जाएगा किसका कार्य प्रगति पर है। शेष बचे जगह पर सौंदर्यीकरण होगा।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय,भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, उपअभियंता विकास दमाहे, करण साहू सहित अन्य मौजूद रहें।

भिलाई में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की हुई नियुक्ति

■ महापौर नीरज पाल ने दिया महिलाओं को नियुक्ति पत्र

भिलाई नगर/नवप्रदेश। आज महापौर नीरज पाल ने 4 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। अब यह महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के रूप में कार्य करेंगी। एक प्रकार से नव वर्ष में इन्हें महापौर ने नियुक्ति पत्र देकर तोहफा दिया है। एमआईसी में इनकी नियुक्ति को लेकर हरी झंडी दी गई थी और विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर महिलाओं के चेहरे में मुस्कान साफनजर आ रही थी। महापौर ने इन्हें बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण होती है। एक वार्ड, मोहल्ले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका शासकीय योजनाओं आदि को लेकर अहम भूमिका अदा करती है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का नियुक्ति आदेश जारी किया है। अब यह महिलाएं निर्धारित वार्ड क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की जिम्मेदारी निभाएंगी। महापौर नीरज पाल के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में रागिनी वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, धनेश्वरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पूर्णिमा निर्मलकर आंगनबाड़ी सहायिका एवं दिलेश्वरी ठाकुर आंगनबाड़ी सहायिका शामिल रही। रागिनी वर्मा को वार्ड क्रमांक 8 बजरंग पारा कोहका, धनेश्वरी को वार्ड क्रमांक 16 अटल आवास कुरूद, पूर्णिमा निर्मलकर को वार्ड 7 आरक्षी नगर कोहका तथा दिलेश्वरी ठाकुर को वार्ड क्रमांक 30 गणेश मंदिर खुर्सीपार में नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका को अनिवार्य रूप से विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति इन्हें अनिवार्य रूप से परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई में देना होगा, इसके बाद ही इनकी उपस्थिति मान्य होगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार पाण्डेय पिता श्री सूर्यनारायण पाण्डेय निवासी सुभाष नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा कोनारी प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अंडा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 553 रकबा 0.280 हे. भूमि को विक्रेता संदीप पिता स्व. अनिल अग्रवाल निवासी मुंबई (महाराष्ट्र) से पंजीकृत बयनामा दिनांक 29.09.2022 को क्रय किया गया है जिसे नामांतरण करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06/01/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकता है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक पुनाराम साहू पिता स्व. कंदूराम साहू निवासी-कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कचांदुर प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1041/1 रकबा 0.5730 हे. है जो भूमिस्वामी रामसिंह पिता कंदुराम एवं अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख शामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी रामसिंह पिता कंदुराम एवं उसके दो पत्नी श्रीमती सातो बाई व श्रीमती रामकुंवर दोनों पति रामसिंह की मृत्यु दिनांक 26.06.2022, 29.09.2017, 31/05/2009 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने एवं शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु फौती नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20/01/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 28/12/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नीरज कुमार गांधी पिता श्री मोहनलाल गांधी निवासी ग्राम अभनपुर तह. अभनपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम कोनारी प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 553 रकबा 1.680 हे. भूमि को विक्रेता संदीप पिता स्व. अनिल अग्रवाल निवासी मुंबई (महाराष्ट्र) से पंजीकृत बयनामा दिनांक 29.09.2022 को क्रय किया गया है जिसे नामांतरण करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06/01/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकता है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नीरज कुमार गांधी पिता श्री मोहनलाल गांधी निवासी ग्राम अभनपुर तह. अभनपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अंडा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 28 एवं 29 रकबा 1.410 एवं 0.950 कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 2.360 हे. भूमि को विक्रेता संदीप पिता स्व. अनिल अग्रवाल निवासी मुंबई (महाराष्ट्र) से पंजीकृत बयनामा दिनांक 29.09.2022 को क्रय किया गया है जिसे नामांतरण करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06/01/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकता है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रतिमा वर्मा अन्य 01 पति प्रणय कुमार वर्मा निवासी हनुमान नगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 399/32 रकबा 0.020 हे. 2273 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 4 अ-20(1)/2022-23

आवेदक मुन्ना सिंह पिता गन्ना सिंह निवासी कैलाश नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला कैलाश नगर दुर्ग नजूल भूमि शीट क्र. 88 बी, भूखंड क्र. 7 क्षेत्रफल 44.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक स्थायी नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी पट्टे में मांग की गई। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/ 7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 के जारी निर्देशों के अनुक्रम एवं धारक/पट्टेदार/आवेदिका द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखंड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण नजूल न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किाय जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/1/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/12/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पंचीन बाई टंडन ध.प. स्व. रामायन टंडन साकिन बोड़ेगांव द्वारा ग्राम बोड़ेगांव प.ह.नं. 14 रा.नि. मं. दुर्ग 1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 728/4 रकबा 0.4000 हे. जो उसके स्व. रामायन टंडन के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 13.1.2023 तक या उसके पूर्व स्वतः या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2.1.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 11 अ 20(1)/2022-23

आवेदक अशोक राव पिता उत्तम राव शिन्दे निवासी आमापुरा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला आमापुरा नजूल भूमि शीट क्र. 29 डी भूखंड क्र. 209/02, 210/02 क्षेत्रफल 54.55 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक स्थाई नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी पट्टे की मांग की गई। छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार/आवेदिका द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का नवीनीकरण करते हुए भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण नजूल न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एव आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/1/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, दुर्ग

रतनजोत के बीज खाकर 11 बच्चे हुए बीमार अस्पताल में भर्ती, हालत में सुधार

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय के खरहरी प्राथमिक शाला के 11 बच्चों ने रतनजोत के बीज खा लिए। जिससे उनकी तबीयत खराब हो गई। इलाज के लिए नवागढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती किया है। मौजूद डॉक्टर ने उनका समय रहते इलाज किया। जिसके बाद बच्चों की हालत में सुधार है और बच्चों का उपचार जारी है।

परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे शिक्षक की अनुपस्थिति में 02 बच्चे स्कूल से थोड़ी दूर सड़क के किनारे लगे रतनजोत के पौधे से बीज तोड़कर स्कूल ले आए थे। फिर मध्यान भोजन के दैरान एक बच्चे ने रतनजोत का बीज खाया, जो अच्छा लगा। इसके बाद सभी बच्चे मिलकर रतनजोत का बीज खा लिए। बच्चों द्वारा बीज को खाने के कुछ समय बाद अचानक उन्हे उल्टी होने लगा और स्वजनों को इसकी जानकारी मिली।

पूछने पर बच्चों ने रतनजोत के बीज खाने की बात बताई। माता-पिता अपने बच्चों को इस हाल में देखकर चिंता ग्रस्त थे। तब वे अपने बच्चों को अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए। नवागढ़ में सभी बच्चियों का उपचार जारी है और सभी खतरे से बाहर बताएं जा रहे है। बीमार बच्चों में डगेश्वर, सोनाक्षी, प्रतिज्ञा, अविनाश, डगेश्वरी, दीपाली, नंदनी सभी का उम्र 09 वर्ष, आयुष एवं हिमेश उम्र 07 वर्ष, एवन उम्र 10 वर्ष तथा कैलाश उम्र 08 वर्ष है।

बीएमओ डॉ एमएम रज़ा का कहना है कि स्वजनों ने बच्चों का समय पर उपचार करवाकर उन्हे सुरक्षित बचा लिया है, जिन्हे एक दिन के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। यदि जानकारी के अभाव में समय पर अस्पताल न लाया जाता तो उनकी हालत और भी गम्भीर हो सकती थी।

विधायक ने ली बच्चों की स्वास्थ्य की जानकारी

घटना की जानकारी मिलते ही विधानसभा सत्र में होने बावजूद नवागढ़ विधायक व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने फेन से बीमार बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्वजनों से घटना की जानकारी ली और चिकित्सकों से बात कर बीमार बच्चों के उचित ईलाज एवं सतत निगरानी के दिए निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम नवागढ़ प्रवीण तिवारी, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष एवं विधायक निज सचिव हेमकांत यादव ने अस्पताल में जाकर जायजा लिया।

बाबा गुरूघासीदास की मनाई जयंती सतीश अग्रवाल हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंगारपुर में संतसिरोमणी गुरु घासीदास बाबा का दो दिवसीय जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सतीश अग्रवाल सदस्य भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने फूल तथा नारियल चढ़ाकर कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं सभी ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सतीश अग्रवाल ने कहा की सभी मानव समाज को संतसिरोमणी गुरु घासीदास बाबा ने दुनिया को सत्य अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। इस कार्यक्रम में कनक मनहरे (अध्यक्ष सतनामी समाज सिंगारपुर परीछेत्र) बुगना कुर्रे (उपाध्यक्ष), इतवारी जांगडे(सचिव), फलित कुर्रे, चुन्नीलाल मनहरे, आनंद बांधे, मालिकराम कुर्रे, दीनदयाल साहू उपसरपंच सिंगारपुर, अत्रिदास बंजारे, किशन नवरंगे, भंडारी, रामखिलावन बांधे, कन्हैया महिलांगे, सुनील जांगडे, देव प्रसाद बांधे, निर्मल नवरंगे, देवलाल मनहरे, तिलक बंजारे, सालिक नवरंगे, सविता नवरंगे, धनीराम साहू, सुन्दर साहू, राजू साहू, तेजराम जांगडे, प्रमोद रजक, वीरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार में खिलाड़ियों एवं कलाकारों की हो रही उपेक्षा : रवि

दल्ली राजहरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने अपनी नई टीम की घोषणा की। भाजयुमो की नई टीम में अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव को प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा में खेल एवं कला सह प्रमुख की ज़िम्मेदारी दी गई हैं। अमन यादव ने अपने नए दायित्व के लिए भाजपा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार किया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के खेल एवं कला सह प्रमुख अमन यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ प्रदेश के खिलाड़ियों एवं कलाकारों को एकजुट कर भाजपा की रीति नीति से अवगत करायेंगें । छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार में लगातार खिलाड़ियों एवं कलाकारों की उपेक्षा हुई है जिससे यह वर्ग सरकार के खिलाफ आक्रोशित है । शीघ्र ही सभी को साथ लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफजन आंदोलन शुरू किया जाएगा। युवा मोर्चा में दायित्व मिलने से पूर्व पहले अमन यादव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रदेश सहमंत्री, विश्वविद्यालय प्रमुख, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, महाविद्यालय प्रमुख, भाग संयोजक, मैट्स विश्विद्यालय उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वाहन कर चुके है। अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खिलाड़ी अमन यादव की नियुक्ति पर दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ियों सहित विक्रम ध्रुव, अब्दुल इब्राहीम,स्वाधीन जैन, राकेश देवांगन, प्रणव शंकर साहू, संतोष शर्मा, रवि यदु, विनय यादव, मिलन मरई, कैलाश यदु आदि ने बधाई दी है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बालिका टीम क्वार्टर फाइनल में

राजनांदगांव। दिग्विजय स्टेडियम समिति एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में चल रहे सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में आए हुए सभी प्रतिभागी टीम जीत हासिल करने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। बालक वर्ग में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव 53 अंक बनाम स्प्रिंग डेल पानीपत का 26 अंक, जीपीएस. बड़ोदा 55 अंक बनाम मिलिनियम स्कूल पुणे का 52 अंक, पुरनचंद विद्या निकेतन कानपुर 82 अंक बनाम सेन्ट्रल एकेडमी कोटा का 98 अंक एवं बालिका वर्ग में शिशुकुंज स्कूल पुणे 66 अंक बनाम गोयल गंगा स्कूल पुणे का 46 अंक, नवरचना स्कूल बड़ोदा 09 अंक बनाम गीतांजली स्कूल सोनीपत का 44 अंक, चिंतिनांद विद्यालय चेन्नई 41 अंक बनाम सेंटफ्रिल्स स्कूल अलीगढ़ 21 अंक प्राप्त करके अपने प्रदेश एवं शाला का नाम रोशन किया।

आत्मरक्षा की शिक्षा : 900 छात्राओं ने लिया कराटे का प्रशिक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखंड अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना अंतर्गत शासकीय स्कूलों में आत्मरक्षा से संबंधित कराटे की कला का प्रशिक्षण ओटेबंद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं करही बाजार के पूर्व माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई योजना अंतर्गत कराटे प्रशिक्षण का समापन का कार्यक्रम करही बाजार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। योजना का लाभ दोनों स्कूल के लगभग 900 बच्चो ने प्राप्त किया। समापन के अवसर पर जिला कराटे संघ एवं चैंपियन मार्शल आर्ट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक प्रतीक द्विवेदी के द्वारा ट्रेंड कराटे बच्चों के द्वारा असामाजिक तत्व से कठिन समय पर छात्र-छात्राएं अपनी रक्षा कैसे करें एवं नन्हे-नन्हे बच्चों के द्वारा कराटे कला का डेमो दिखाया गया। साथ ही मोटिवेशनल स्पीच हेमा साहू एवँ उपस्थित अतिथियों के द्वारा बच्चों को दिया और आत्मरक्षा की कला को सीखने के लिए प्रेरित किया। समापन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ नगर विकास मंच प्रदेशाध्यक्ष कोमल शर्मा , करही बाजार स्कूल के प्रिंसिपल ईश्वरलाल देवदास, ओटेबंद स्कूल के प्रिंसिपल महेश गुप्ता, मिडिल स्कूल करही बाजार के प्रभारी हेड मास्टर राम कुमार डहरिया, करही बाजार सरपंच हीराराम पटेल, शाला समिति अध्यक्ष रामशंकर पटेल, संकुल समन्वयक शानिराम मरावी, बलौदाबाजार-भाटापारा जिला कराटे संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान, चैंपियन मार्शल आर्ट संस्था प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, कराटे प्रशिक्षक प्रतीक द्विवेदी, हर्ष देवांगन, महेश राजपूत, शिक्षक आरके राय, केके जांगड़े, लक्ष्मीनारायण सोनी, अल्का राठौर, सुनिता ध्रुव सहित करही बाजार एवं ओटेबन्द के समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं व पालकगण मौजूद रहे।

आंबा कार्यकर्ताओं ने परियोजना कार्यालय का किया घेराव

भाटापारा/नवप्रदेश। 6 सूत्रीय मांग को लेकर 431 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने सोमवार को रैली निकाल कर परियोजना कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं मांग पूरी ना होने पर राजधानी में जाकर प्रदर्शन करने व आंगनबाड़ी में तालाबंदी की बात कही है।

आंगनबाड़ी संघ की जिला अध्यक्ष सतरूपा ध्रुव के नेतृत्व में सोमवार को भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले 431 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने 6 सूत्रीय मांग को लेकर बाल विकास परियोजना कार्यालय का घेराव किया।उनकी 6 सूत्रीय मांग में कलेक्टर दर पर पेमेंट, रिक्तपदो पर भर्ती, प्राइमरी शिक्षको का दर्जा, पेंशन और बीमा का लाभ जैसे 6 सूत्रीय मांगो को लेकर भाटापारा बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सोपा वही मांगे पूरी न होने पर विधानसभा बजट के पहले रायपुर में महापड़ाव धरना प्रदर्शन करने की बात और आंगनबाड़ियों में ताला लगाने की चेतावनी दी है।

गुरु घासीदास के मां बाप की सेवा पहले फिर गुरु की सेवा का संदेश आज भी हैं सार्थक : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदा और खजरी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम किसान नेता ने गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर किसान नेता ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज हम सभी बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा का संदेश है कि मनखे मनखे एक समान इससे बढ़कर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने माँ बाप की सेवा पहले और बाद में गुरु की सेवा का संदेश दिया है, जो आज भी सार्थक है। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वज शांति भाई चारे का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में गाँव के संरपच, भन्डारी, साटिदार और प्रमुख लोग उपस्थित थे।

युकां ने आरक्षण के पक्ष में चलाया पोस्ट कार्ड अभियान

साजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी पलक वर्मा एवं आकाश शर्मा प्रदेशाध्यक्ष युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के मार्गदर्शन में राज्यपाल द्वारा आरक्षण विधेयक पर उचित फैसला नहीं लिए जाने के विरोध में छात्र युवा अधिकार आग्रह केंद्र पोस्ट कार्ड अभियान की शुरुवात युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु ने महाविद्यालय साजा में छात्रों की बीच जाकर की। अंजोर यदु ने कहा कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में आरक्षण विधेयक को विधानसभा में पारित किया गया था, लेकिन केंद्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के दबाव में महामहिम राज्यपाल ने इस विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया हैं, जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं। आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे है छत्तीसगढ़ की युवाओं एवं आम जनता की हक की मांग को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा छात्र युवा अधिकार आग्रह केंद्र पोस्ट कार्ड अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान 2 जनवरी तक चलेगा, 2 जनवरी तक विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं किया जायेगा, तो 3 जनवरी को रायपुर की सड़कों पर हजारों युवा कांग्रेस के साथी प्रदर्शन करेंगे। उक्त अवसर पर ईश्वर वर्मा समन्वयक राजीव युवा मितान क्लब साजा, बलकरन वर्मा सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा, लिकेश साहू जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई, जीवेश जंघेल, योगेश वर्मा, सत्यम ठाकुर, आत्मा जोशी, दीक्षा एवं छात्राएं उपस्थित थे।

सुरही व्यपवर्तन योजना से 7 गांव के किसानों को मिलेगा सिंचाई में सुविधा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के साजा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सुरही व्यपवर्तन योजना का निर्माण लगभग 50 वर्ष पूर्व किया गया था। सुरही व्यपवर्तन योजना के दायीं एवं बायीं तट नहरों का रिमॉडलिंग एवं लाइनिंग कार्य की स्वीकृति कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के प्रयास से की गई हैं। प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग रायपुर से 1826.23 लाख रुपये प्राप्त हुई हैं। वर्तमान में नहर रिमॉडलिंग का प्रगतिरत हैं, उक्त कार्य की बायीं तट नहर से 5 ग्रामों के 320 हेक्टेयर एवं दायीं तट नहर से 2 ग्रामों के 56 हेक्टेयर कुल 376 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई तथा नर्मदा व्यपवर्तन योजना की रूपांकित सिंचाई में 819 हेक्टेयर कमी की पूर्ति सहित कुल 1195 हेक्टेयर में सिंचाई प्रस्तावित हैं। अतः साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिराहीडीह, हरडंडा, कोंगियाकला, कोंगियाखुर्द, लोलेसरा, मासुलगोंदी कुल 7 ग्रामों के कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे कृषकों में हर्ष व्याप्त हैं।

कुपोषण दूर करने के लिए आंबा केन्द्र के बच्चों को दे रहे अंडा

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप बालोद जिले में नन्हे-मुन्हे बच्चों को कुपोषण की समस्या से शत प्रतिशत निजात दिलाने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। बालोद जिले को पूरी तरह से कुपोषण मुक्त बनाने हेतु जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन के साथ-साथ अण्डा एवं चिक्की वितरण आदि सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस कार्य को जन अभियान बनाकर इस कार्य में समाज की सभी वर्गो की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के विशेष पहल पर जिला खनिज न्यास निधि से जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के कुल 6867 कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 05 दिन उबला अण्डा एवं अण्डा नहीं खाने वाले 1071 कुपोषित बच्चों को सोयाबड़ी प्रदान किया जा रहा है। बालोद जिले में जिला प्रशासन के इस अभिनव प्रयासों का बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी निरंतर आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतिदिन निरीक्षण कर इस कार्य की सतत् मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के कुपोषित बच्चों के लिए जिला खनिज न्यास निधि से अण्डा वितरण कार्य का शुभारंभ 07 नवम्बर को किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संजारी-बालोद संगीता सिन्हा ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित समारोह में उपस्थित होकर इस योजना का विधिवत् शुभारंभ किया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को नियमित रूप से सप्ताह में 05 दिन उबला अण्डा और सोयाबीन बड़ी तथा पौष्टिक भोजन खिलाए जाने के फ्लस्वरूप कुपोषण मुक्ति अभियान में इसका शीघ्र परिणाम भी दिखने लगा है। इस अभियान की सफ्लता का परिणाम है कि वर्तमान में जिले के 6619 बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गए हैं। ज्ञातव्य हो कि कुपोषित बच्चों को पर्याप्त पोषण आहार के साथ-साथ अतिरिक्त प्रोटिन व कैलोरी की भी आवश्यकता होती है। जिससे उनका समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके।

बाल विकास परियोजना डौंण्डी-2 के अंतर्गत सभी 6 सेक्टर मे 01 वर्ष से 06 वर्ष के सभी कुपोषित बच्चो को 07 नवम्बर 2022 से सप्ताह मे पांच दिन अंडा प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेक्टर घोटिया के केन्द्र सिघोला क्रमांक 03 मे जुडवा बच्चो को अंडा दिया जा रहा था जिससे दोनो का वजन माह नवम्बर 2022 मे 11.00 कि.ग्रा. से बढकर वर्तमान मे 11.500 हो गया। इस प्रकार दोनो कुपोषित बच्चे समान्य श्रेणी मे आ गये। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना एवं जिला प्रशासन द्वारा कुपोषण दूर करने हेतु किए जा रहे प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम बालोद जिले में अब दिखने लगा है। इसके फ्लस्वरूप आज से कुछ दिन पूर्व आगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 ग्राम सिब्दी के मध्यम कुपोषित बच्चे डिलेश कुमार पटेल आज जिला प्रशासन के प्रयासों से नियमित पौष्टिक भोजन एवं समुचित देखभाल के कारण आज सामान्य श्रेणी में आ गया है। डिलेश कुमार पटेल के पिता योगेन्द्र एवं माता सुनंदा पटेल ने बताया कि आज से दो माह पूर्व अक्टूबर माह 10.400 ग्राम होने के कारण वह मध्यम कुपोषित की श्रेणी में था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

श्रीमती सीता विश्वकर्मा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सीता विश्वकर्मा पति श्री दीनानाथ विश्वकर्मा निवासी-प्रेमनगर वैशाली नगर भिलाई दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न. 50 तह. व जिला दुर्ग	893/18	0.009 हे. 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कालोनी दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एलआईजी भवन क्र.-375 श्री विनोद प्रधान पिता स्व. श्री के.पी. प्रधान को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 101 दिनांक 06.11.12 को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किय गया था।

वर्तमान में श्री विनोद प्रधान पिता स्व. श्री के.पी. प्रधान निवासी-बी-16,सेक्टर01, शंकर नगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, घोषणा पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर नामांतरी द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री संदीप दुबे पिता श्री दिलेश्वर प्रसाद दुबे पता- सीनि.एलआईजी क्र. 557 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोंदेखुर्द रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना अवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय, अर्धशासकीय, संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

श्री भागवत सिंह

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भागवत सिंह आ. श्री गोविंद सिंह निवासी- जे.पी. सीमेंट नमोह के सामने भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न. 19 अ तह. व जिला दुर्ग	893/26	0.011 हे. 1193 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

श्री पोटटी माधव राव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पोट्टी माधव राव आ. श्री पोटटी गुरैय्या निवासी- राजीव गुहा कंपा निजामपेट आंध्रप्रदेश द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न. 19 अ तह. व जिला दुर्ग	893/20	0.010 हे. 1180 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

उद्घोषणा

सं./407/रा.बा.वी./2022 — दुर्ग, दिनांक 30/12/2022

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि निगम की लीजधारी आवेदक श्री अंकुर सिंह राजपूत एवं आकाश सिंह राजपूत आ. स्व. युधिष्ठिर सिंह राजपूत निवासी चण्डी मंदिर के पीछे मठपारा दुर्ग द्वारा निगम स्वामित्व की इंदिरा मार्केट दुर्ग में स्थित दुकान क्रमांक - ए / 13 भूतल / प्रथम तल जिसका कुल क्षेत्रफल 216 वर्गफीट है। दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबध में आवेदित दुकान / भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 30 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

बाजार अधिकारी
नगर पालिक निगम, दुर्ग

कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./4340/ रा.वि./न.पा./2022-23 — कवर्धा, दिनांक 26.12.2022

नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि, निम्नांकित सूची अनुसार भूमि भवन हस्तारणकर्ता द्वारा हस्तांतरिती के नाम पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

क्र.	प्र.क.	हस्तांतरणकर्ता/पिता, पति का नाम	हस्तांतरिती/पिता, पति का नाम	वार्ड नं.	खसरा/ भूखंड नं.	क्षेत्रफल	नामांतरण का आधार
1	121	श्रीमती मीरा श्रीवास्तव, अरविन्द / स्व. कैलाश श्रीवास्तव	स्व. कैलाश श्रीवास्तव / विशेश्वर दयाल	10	37/2	175.00 sqm	रजिस्ट्री पत्र/ नजूल अधिकारी
2	122	श्रीमती तजिन्दर कौर / अमरजीत सिंह	श्री रवैल सिंह / जोगेन्दर सिंह	26	354/2	85.64 sqm	दानदाता / रजिस्ट्री पत्र
3	123	श्रीमती प्रीति लूनिया / अनिल	श्रीमती ज्योति चौरसिया / सुशील	27	58/8	29.73 sqm	रजिस्ट्री पत्र
4	124	श्रीमती नेहा सिंह / धीरज सिंह	श्रीमती मनीषा राजपूत / तुलसी	8	173/56	0.012 hest	रजिस्ट्री पत्र
5	125	श्रीमती मनीष कौर खुराना/मनिंदर सिंह	श्रीमती शिवकुमारी/पुन्नीदास	18	186/5	63.75 sqm	रजिस्ट्री पत्र
6	126	श्री मनिंदर सिंह खुराना/त्रिलोक सिंह	श्रीमती सुरेखा पिता पुन्नीराम	18	186/6	43.28 sqm	रजिस्ट्री पत्र
7	127	श्रीमती गुरमीत कौर मुटरेजा / अजीत सिंह	श्री त्रिलोक सिंह / निरंजन सिंह	23	207	167.00 sqm	रजिस्ट्री पत्र/ नजूल अधिकारी/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र
8	128	श्री शिव अग्रवाल / बृजलाल	श्री आशिष अग्रवाल / बृजलाल	23	931/10	0.044 hest	दानदाता / रजिस्ट्री पत्र
9	129	श्रीमती सरस्वती बाई निर्मलकर/कमलेश	श्रीमती बुदिया बाई /बेवा चैतराम, चमेली, राशि, सरस्वती बाई	14	146/1	98.91sqm	रजिस्ट्री पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र

अतः उपरोक्त सूची अनुसार जिसे भी इस संबंध में दावा / आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशित के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात् या बिना प्रमाण के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

भिलाई के युवा ने किया कोक ओवन चार्जिंग तकनीक में क्रांतिकारी बदलाव, ऊर्जा और समय दोनों की होगी बचत

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात नगरी भिलाई के एक युवा इंजीनियर ने कोक ओवन की चार्जिंग तकनीक में क्रांतिकारी बदलाव के साथ सिंगल स्पॉट एससीपी मशीन का आविष्कार कर अद्वितीय सफलता हासिल की है। इस नए आविष्कार को भविष्य में अपनाया जाता है तो देश के ज्यादातर स्टील प्लांट में इस्तेमाल होने वाली एससीपी प्रक्रिया में कोयला चार्ज करने के दौरान पुरानी दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी और बहुमूल्य ऊर्जा व समय की भी बचत होगी। एससीपी मशीनों की आपूर्ति ज्यादातर यूरोपीय या चीनी कंपनियों द्वारा की जाती रही है। अनूठी विशेषता के आविष्कार के साथ इस मशीन को भारत में किसी भारतीय द्वारा पहली बार डिजाइन किया गया है।

बहुराष्ट्रीय कंपनी थायसन क्रुप्प में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत और इस्पात नगरी भिलाई में पले बढ़े युवा इंजीनियर मिर्जा जाहिद बेग ने उम्मीद जाहिर की कि उनका यह आविष्कार कोक ओवन तकनीक संचालन में क्रांतिकारी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस बदलाव से संबंधित पेटेंट की सारी प्रक्रिया उनकी कंपनी के जर्मनी दफ्तर से पूर्ण की जा चुकी हैं और जल्द ही इस पर पेटेंट मिलने की उम्मीद है।

अपने इस आविष्कार के संबंध में जाहिद बताया कि कोक ओवन में कोयला डालकर एक निर्धारित तापमान पर पकाया जाता है और कोयले को कोक में तब्दील किया जाता है। इसमें पुरानी तकनीक में कोयला इन बैटरियों में चार्जिंग कार के माध्यम से ऊपर से डाला जाता है, जिसे टॉप चार्जिंग कहा जाता है। वहीं बाद के दौर में आई नई तकनीक स्टैम्पिंग चार्जिंग में इन भट्ठियों में एक हिस्से से कोयले का ब्लॉक (बड़ा टुकड़ा) बना कर डाला जाता है। इसके लिए स्टैम्पिंग-चार्जिंग-पुशिंग (एससीपी) मशीन इस्तेमाल होती है, जिसमें कोयले को स्टैम्पिंग (ठोक-पीट) कर कोयले का ब्लॉक बनाया जाता है और इन्हें चार्ज किया जाता है। इसके बाद इस कोयले के कोक में तब्दील होने पर पुशिंग (बाहर की ओर धकेलने की क्रिया) की जाती है। जाहिद ने बताया कि एससीपी मशीन को इन तीनों प्रक्रिया के दौरान 3 से 4 मर्तबा आगे पीछे करना होता है। इससे मशीन की स्थिति भी बदलनी होती है। कई बार कोयले का पूरा केक (बड़ा टुकड़ा) अंदर नहीं जा पाता है तो उसे अंदर धकेलने भी इसे फिर से चलाना होता है। इसमें न सिर्फ बहुमूल्य ऊर्जा खर्च होती है बल्कि प्रदूषण भी कई बार मानक स्तर से अधिक हो जाता है। जाहिद बेग ने बताया कि उन्होंने जो बदलाव किए हैं, उसमें अब स्टैम्पिंग-चार्जिंग-पुशिंग के लिए एससीपी मशीन को बार-बार चलाने और आगे-पीछे करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टैम्पिंग-चार्जिंग और पुशिंग का सारा काम अब एससीपी मशीन की स्थिति बदले बगैर हो पाएगा। चूंकि एससीपी मशीन 1400 टन के आसपास वजन की होती है।

निर्माण कार्यों में लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं : शर्मा

- ठेकेदार व इंजीनियरों की लगाई क्लास
- नपाध्यक्ष ने चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज नगर पालिका सभाकक्ष में पालिका के सब इंजीनियर व ठेकेदारो की क्लास ली। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बैठक दो टूक में कहा कि निर्माण कार्यो में लेटलतीफी अब बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होनें कहा कि जिन ठेकेदारों का कार्यो का कार्यादेश हो चुका है उनका कार्य तत्काल प्रारंभ करावें और जो ठेकेदार समय-सीमा में कार्यो का संपादन नही कर रहे है उनके जमा एफडी.आर. की राशि राजसात करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही करें। ताकि समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराया जा सके।

इन मदों के कार्यो की समीक्षा

नपा अध्यक्ष शर्मा ने नपा सभाकक्ष में ठेकेदारों, इंजीनियरों व अधिकारियों की बैठक आयोजित कर अधोसरंचना मद, केन्द्र प्रवर्तित योजना, राज्य प्रवर्तित योजना, मरम्मत/संधारण, विधायक निधि, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि सहित अन्य मदों के तहत चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की।

विधायक निधि के कार्यो को माहअंत तक पूर्ण करने को कहा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मो.अकबर के कुशल मार्गदर्शन निर्माण कार्यो का संपादन कराया जाना है कैबिनेट मंत्री द्वारा नगरीय क्षेत्र के लगभग सभी समुदाय के मांग अनुसार सामाजिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया गया है तथा सभी सामुायिक भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है कुछ पूर्ण हो चुका जिसका लोकार्पण अगले माह संभावित है। उन्होनें ठेकेदार से कहा कि जिन सामुदायिक भवनों कार्योदेश हो चुका है उन सभी सभी सामाजिक भवनों के निर्माण कार्यो को जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर हैण्ड ओव्हर किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि लोकार्पण कार्यक्रम कराया जा सके। लेट लतीफी के लिए होने वाले कार्यो पर स्वयं जिम्मेदार रहने की बात कही।

पौनी पसारी योजना को लेकर लगाई फटकार

नगर पालिका अंतर्गत शासन की महत्तवपूर्ण योजनांतर्गत 02 यूनिट पौनी पसारी योजनांतर्गत लघु बाजार का निर्माण कराया जा चुका है चूंकि अभी तक कार्य पूर्ण नही किये जाने को लेकर ठेकेदार को फटकार लगाई। उन्होनें कहा कि 15 जनवरी तक कार्य पूर्ण किया जाकर निकाय को हैण्डओव्हर करें अन्यथा समय-सीमा पर हैण्ड ओव्हर नही करने पर देयक राशि में नियमानुसार कटौती किये जाने का निर्देश दिये।

कार्य प्रारंभ नही करने वाले ठेकेदार की राशि करे राजसात

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि जो ठेकेदार कार्य नही कर रहे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए अंतिम नोटिस प्रदान करें तथा उनके द्वारा जमा एफडीआर राशि को राजसात करते हुए पुनः निविदा की कार्यवाही करें।

उन्होनें कार्यो की लेटलतीफी के लिए कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा अंतिम चेतावनी देते हुए सभी कार्यो को प्राथमिकता से कराये जाने हेतु निर्देशित किया। इंजीनियरों को कडे शब्दो में निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यो का सुपर विजन स्वयं करें। मेरे द्वारा फिल्ड में जाने पर साईड में साईड इंजीनियर व साईड सुपरवाईजर की उपस्थिति जरूर रहे। ताकि चल रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता बनी रही। निर्माण कार्य को लेकर नगर पालिका की छवि धुमिल न हो इसका पूर्ण ध्यान रखे। चल रहे निर्माण कार्यो के बीच अगर अनुपस्थिति रही तो कार्यवाही किये जाने की बात कही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि सभी वार्डो में छोटे कार्य से लेकर बड़े कार्य किये जा रहे है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

धर्मांतरण पर बवाल ...

इस हमले में भी टीआई घायल हुए थे। ग्रामीणों ने उनके साथ हुई मारपीट की शिकायत थाने में भी दर्ज कराई थी। जिसकी जांच जारी है। जानकारी मिली है कि ये शनिवार की घटना को लेकर आदिवासी समाज ने सोमवार को नारायणपुर बंद बुलाया साथ ही धरना प्रदर्शन करने की तैयार थी। इसी वजह से बड़ी संख्या में लोग नारायणपुर में जमा हुए थे। मगर कुछ लोग फिर भड़क गए। वहीं कुछ लोग चर्च में पहुंचे और वहां तोड़फोड़ करने लगे। पुलिस की टीम पहले से तैनात थी। ये देखकर पुलिस की टीम इन्हें समझाने गई थी। लेकिन भीड़ भड़क गई और एसपी सदानंद कुमार पर हमला कर दिया। जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

कई पुलिसकर्मी भी घायल, आईजी पहुंचे : वहीं कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। उन्हें भी अस्पताल भेजा गया है। सभी की स्थिति फिलहाल ठीक बताई जा रही है। घटना के बाद फोर्स मौके पर है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी भी देर शाम नारायणपुर पहुंचे हैं। फिलहाल इलाके में हालात सामान्य है। पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा ही है। वहीं आदिवासियों ने धर्मांतरण का आरोप लगाया है।

नोटबंदी पर केंद्र ...

जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यन, और जस्टिस बीवी नागरत्ना शामिल रहे। इनमें से जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बाकी चार जजों की राय से अलग फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि नोटबंदी का फैसला गैरकानूनी था। इसे गजट नोटिफिकेशन की जगह कानून के जरिए लिया जाना था। हालांकि उन्होंने कहा कि इसका सरकार के पुराने फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

2016 में हुई थी नोटबंदी : केंद्र सरकार ने 8 नवंबर 2016 को अचानक देश में नोटबंदी लागू की दी। इसके तहत 1000 और 500 रुपये के नोटों को चलन से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले के बाद पूरे देश को नोट बदलवाने के लिए लाइनों में लगना पड़ा था। नोटबंदी के फैसले के खिलाफ 58 याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिस पर 2 जनवरी यानी आज सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला आना है।

तेज रफ्तार कार पेड़ ...

वहां से शाम करीब 5 बजे सभी लोग कार से लौट रहे थे। अभी वे गुल्लू फाल व बेने के बीच घाट से नीचे उतर रहे थे कि मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई।

हादसे में अनिल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान आसपास के अन्य लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कार में फंसे अन्य लोगों को बाहर निकाला गया और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान अनिल सिंह के 8 साल के बेटे मोहित, नारायणपुर के चराईमारा निवासी यशवंत सिंह की 11 माह की बेटी वेनिशा और साहीडांड निवासी जयंती (46) पत्नी राजेंद्र सिंह ने भी दम तोड़ दिया।

यह लोग हुए हैं घायल : हादसे के समय कार में 10 लोग सवार थे। इनमें छह लोग घायल हैं। इनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। इनमें से बिलासपुर गांव निवासी सेवन्ती सिंह (11) पुत्री दीपक सिंह और रीमा सिंह (18) पुत्री नंद किशोर सिंह को रांची रेफर किया गया है। जबकि बिलासपुर गांव निवासी पांच साल के सचिन पुत्र मिलेश्वर सिंह, जयंती के पति राजेंद्र सिंह, मनीत सिंह की 12 साल की बेटी नेहा और कार चालक गिरधारी सिंह (45) होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती हैं।

आरक्षण पर रण! ...

राजभवन की ओर से कहा गया कि वे विधिक सलाहकार से पूछ रही हैं। इसके बाद ही अपना निर्णय लेंगी। इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था, इनके विधिक सलाहकार क्या विधानसभा से बड़े हो गए हैं। बहरहाल सरकार व राजभवन के बीच संशोधित आरक्षण विधेयक को लेकर लड़ाई अब आरपार की हो चुकी है। कांग्रेस ने पूरी तरह से आक्रामक रूख अख्तियार कर लिया है। इसी कड़ी में आज राजभवन के खिलाफ कांग्रेस ये बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है।

70 समाजों का भी समर्थन : जन अधिकार रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश के सभी समाज प्रमुखों को पत्र लिखा था। वहीं उन्होंने टेलीफेनिक चर्चा भी की थी। कांग्रेस की ओर से दावा किया जा रहा है कि जन अधिकार रैली को 70 समुदाय प्रमुखों ने अपना समर्थन दिया है। ऐसे में रैली में कई समाज के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल होंगे।

दिल्ली से सुबह रायपुर पहुंचेंगी सैलेजा : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा आज मंगलवार को सुबह 9.40 बजे नई दिल्ली से विस्तारा की नियमित विमान सेवा द्वारा विमानतल रायपुर पहुंचकर सर्किट हाउस जायेंगे। दोपहर 12 बजे साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जन अधिकार महारैली में भाग लेंगी। दोपहर 3 बजे राजीव भवन रायपुर में आयोजित मोर्चा-संगठन, प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगी। रात्रि 8.15 बजे रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगी।

ग्राम पंचायत पतोरा में होगा ई-रिक्शा से कचरे एकत्रीकरण

- 'स्वच्छ पतोरा स्वस्थ पतोरा' की परिपाटी को आगे बढ़ाता हुआ ग्राम पंचायत पतोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। घर-घर कचरा एकत्रीकरण करने हेतु जिले में प्रथम ग्राम पतोरा ऐसा है, जहां ई-रिक्शा के माध्यम से महिला समूह द्वारा घर-घर कचरा एकत्रीकरण किया जावेगा। ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में स्वच्छता के क्षेत्र में बहुत से अच्छे कार्य किये गये हैं और इसी कड़ी में एक और नई पहल ग्राम पंचायत के द्वारा किया जा रहा है । जिसमें सरस्वती दीदी महिला स्वसहायता समूह द्वारा ई-रिक्शा से कचरा कलेक्शन का कार्य किया जाएगा। इस तरह की पहल करने वाला पहला गांव ग्राम पंचायत पतोरा, जहां नवाचार के माध्यम से लगातार नए - नए कार्य किए जाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ई-रिक्शा और ट्रेक्टर ट्रॉली की खरीदी की गई। इसके साथ ही पतोरा छत्तीसगढ़ का पहला गांव बन गया है जंहा स्वच्छता के लिए इस प्रकार से पहल की गई है। ग्राम में स्वच्छता का स्थायित्व बनाए रखने के संकल्प के साथ जिला पंचायत दुर्ग परिसर से ई-रिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पतोरा की ओर रवाना किया गया। इस अवसर पर शालिनी रिवेन्द्र यादव, अध्यक्ष, जिला पंचायत, अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अंजीता गोपेश साहू, सरपंच, ग्रा.पं. पतोरा, रिवेन्द्र यादव, गोपेश साहू, सुरेश कापसे, सरस्वती दीदी स्वसहायता समूह की सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, सोहद्रा साहू, दीना साहू, एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्रीमती सरोजनी दादर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरोजनी दादर पति श्री इन्द्रजीत दादर निवासी-सड़क नं. 06 आशीष नगर रिसाली भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
जेवरा प.ह.न. 13 तह. व जिला दुर्ग	1100/6	0.003हे. 319.72 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202210220600008/अ-59/2022-23
ग्राम-फिंगेश्वर प.ह.न. 09 तहसील राजिम

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फिंगेश्वर प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. फिंगेश्वर तहसील राजिम स्थित शासकीय घास मद की भूमि ख.नं. 1629 रकबा 3.77 हे. में से 0.48 हे. भूमि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत फिंगेश्वर को जल आवर्धन योजना हेतु अमृत मिशन 2.0 के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि आबंटित किया जाना है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय/अर्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16.01.2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 02.01.2023 को जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार फिंगेश्वर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री भरत मिश्रा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भरत मिश्रा आ. श्री रघुनाथ मिश्रा निवासी- बक्सर बरहमपुर बिहार द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
जेवरा प.ह.न. 13 तह. व जिला दुर्ग	1100/7	0.022 हे. 2500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री मनोज अग्रवाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनोज अग्रवाल आ. श्री बनवारीलाल अग्रवाल निवासी- 45/8 मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न. 50 तह. व जिला दुर्ग	1400/100	0.095 हे. 10383 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री अनुराग गुप्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अनुराग गुप्ता आ. श्री लक्ष्मण गुप्ता निवासी- श्याम नगर केम्प 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न. 19 अ तह. व जिला दुर्ग	893/21	0.009 हे. 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार पाण्डेय पिता श्री सूर्यनारायण पाण्डेय निवासी सुभाष नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अंडा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 28 रकबा 0.520 हे. भूमि को विक्रेता संदीप पिता स्व. अनिल अग्रवाल निवासी मुंबई (महाराष्ट्र) से पंजीकृत बयनामा दिनांक 29.09.2022 को क्रय किया गया है जिसे नामांतरण करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06/01/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकता है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./48/अ-20(1)/2022-23

आवेदिका श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पति स्व. विनोद कुमार निवासी शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 28 डी, भूखंड क्र. 224/2 क्षेत्रफल 86.00 वर्गमीटर/वर्गफुट, आवासीय 86.00 वार्षिक भू भाटक रुपया 12.50 पैसा भूमि का 30 वर्षीय स्थायी पट्टा प्राप्त है, जिसमें पट्टे की अवधि दिनांक 31.03.2002 तक की है। आवेदिका द्वारा उक्त भूखंड के पट्टे का नवीनीकरण आगामी वर्षो के लिए किए जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.01.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/12/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 9 अ 20(1)/2022-23

आवेदक संभाजी राव पिता पांडुरग धोड़पड़े निवासी आमापुरा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला आमापुरा नजूल भूमि शीट क्र. 29 डी भूखंड क्र. 209/3, 210/4 क्षेत्रफल 574.00 वर्गमीटर आवासीय/व्यवसायिक स्थायी नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी नजूल पट्टे में मांग की गई। छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार/आवेदिका द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का नवीनीकरण करते हुए भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण नजूल न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एव आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/1/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी दुर्ग

श्रीमान तहसीलदार / कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
शपथ पत्र

मै शपथकर्ता कमलेश कुमार पिता श्री हेमलाल, उम्र 38 वर्ष, निवासी- वार्ड नं.-17, शंकर नगर, छावनी, आई.ई. भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूँ, जो कि निम्न कथन शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ कि :-

1. यह कि मेरे नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरा पुत्र लाभेन्द्र कुमार, जो कि कक्षा सातवीं, संस्था- शासकीय माध्यमिक शाला शंकर नगर, छावनी भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में अध्ययनरत है। 3. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा के.जी.-। से कक्षा सातवीं तक के समस्त स्कूल अंकसूची एवं स्कूल रिकार्ड पर मेरा (पिताजी) का नाम कमलेश्वर यादव, दर्ज है जो कि गलत है। 4. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है जिसमें मेरा (पिताजी) का नाम कमलेश कुमार, दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड जारी हुआ है जिसका क्रमांक 5863 1697 7313, है जिसमें मेरा नाम कमलेश कुमार, दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 6. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर मेरा नाम कमलेश कुमार, दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 7. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा के.जी.- 1 से कक्षा सातवीं तक के समस्त स्कूल अंकसूची एवं स्कूल रिकार्ड पर मेरा (पिताजी) का नाम कमलेश्वर यादव, दर्ज है उसके स्थान पर मेरा (पिताजी) का सही एवं वास्तविक नाम कमलेश कुमार, दर्ज करवाना चाहता हूं। 8. यह कि उपरोक्त बातो की सत्यता के प्रमाण में शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन : मै शपथकर्ता कमलेश कुमार पिता श्री हेमलाल, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड नं.- 17, शंकर नगर, छावनी, आई.ई. भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र कर कंडिका 01 से 08 तक की दी गई जानकारी सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 27/12/2022 को अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

Chola Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय- नं. 2, डेयर हाउस, प्रथम तल एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001
रायपुर कार्यालय : 506- 509, पांचवीं मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारूति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड रायपुर छत्तीसगढ़-492001

ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और परिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना। एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी/बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के साथ गिरवी रखी गई है, जिसका **सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी लिया गया है, इसको उसके बाद **चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड** के रूप में संदर्भित किया गया। प्रतिभूत संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी से **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'', और ''जो कुछ भी है''**, के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट **https://bankauctions.in** के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

स. क्र.	खाता नंबर एवं उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ताओं का नाम	तिथि एवं राशि डिमांड नोटिस के 13(2) के तहत	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	अ. आरक्षित मूल्य ब. बयाना राशि स. बोली वृद्धि राशि	अ. ई-नीलामी की तिथि व समय ब. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि स. निरीक्षण तिथि द. कब्जे की तिथि (कब्जे की स्थिति)
1.	**ऋण खाता संख्या :** X0HERRH00001320281 **उधारकर्ता/ सहउधारकर्ता/बंधककर्ता** **1. श्री मनोरंजन कुमार पाण्डेय** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)- 942001 **2. मेसर्स श्री सांई इंडस्ट्रीज** ज्ञान करतार टावर, तेलघानी नाका, रायपुर (छ.ग.)- 942001 **3. श्रीमती अनिता पाण्डेय** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)- 942001	**15.07.2020 रु. 1,39,78,489.08 दिनांक 14.07.2020 तक**	**वह सब टुकड़ा (संपत्ति 1)-** प्रथम तल पर फ्लैट एवं भूतल पर एक कार पार्किंग जगह सहित लगभग 835 वर्गफुट का आकार। **संपत्ति 2-** तीसरी मंजिल पर फ्लैट जिसका क्षेत्रफल 835 वर्गफुट है। भूमि के भूखण्ड पर भवन का निर्माण और निर्माण के बारे में 4 कोट्टा, 9 चित्ताक और 13 वर्गफुट आरएस डेग नं. 413, 415 का हिस्सा है। जिसका खसरा नं. 769 है, मौजा बांसद्रोणी अंतर्गत पीएस- रिजेंटपार्क वर्तमान में नगर पालिका वार्ड नं. 113, नगर पालिका परिसर संख्या-82, दिनेश पल्ली, कोलकाता-700070 के रूप में जाना जाता है।	**संपत्ति-1** अ) रु. 28,00,000.00 ब) रु. 2,80,000.00 स) रु. 50,000.00 **संपत्ति-2** अ) रु. 25,00,000.00 ब) रु. 2,50,000.00 स) रु. 50,000.00	**अ) 23.01.2023 (सुबह 11 बजे से दोप. 1 बजे तक)** (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) **ब) 22.01.2-23 (शाम 5.00 बजे तक) स) 16.01.2023 एवं 17.01.2023** (सुबह 10 बजे से दोप. 1 बजे तक) **द) 17.03.2022** (सांकेतिक कब्जा)

1. सभी इच्छुक भागीदारों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वेबसाइट https://bankauctions.in/&https://www.cholamandalam.com/ auction-notices देखें। ई-नीलामी की ऑनलाइन प्रशिक्षण, सहायता, प्रक्रिया के लिए संभावित बोलीदाता मेसर्स 4 क्लोसर, श्री यू.सुब्बाराव, नंबर-8142000061 से सम्पर्क कर सकते हैं। ईमेल आई डी- subbarao@bankauctions.in, Email. bharathi@bankauctions.in का संदर्भ लेवें।
2. नियम एवं शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in देखें एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.cholamandalam.com/ auction-notices पर जाएं।

इसे प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावें।

दिनांक : 03/01/2023, स्थान : रायपुर (छ.ग.) | प्राधिकृत अधिकारी/चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं. लिमि.

Chola Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालयः नं. 2, 'डेयर हाउस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001. शाखा कार्यालयः शॉप नं. 416, चौथी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारुति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई.रोड, रायपुर छत्तीसगढ़-492001.

नियम 8(1) के तहत कब्जा सूचना

जबकि मे. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधोहस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के तहत इसके पश्चात अधिनियम कहा जाएगा तथा 13(12) के तहत सुरक्षा ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़ा जाए के तहत कर्जदारों को कॉल करते हुए सुरक्षा अधिकारों का उपयोग करके डिमांड नोटिस जारी किया, जिनके नाम कॉलम सी में विनिर्दिष्ट तारीखों के नीचे कॉलम बी में दिए गए हैं उन्हें कॉलम डी में दी गई बकाया राशि नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर ब्याज सहित चुकानी है।
कर्जदार के राशि चुकाने में नाकाम रहने पर, यह नोटिस विशेष रूप से कर्जदारों को और सामान्य रूप से सार्वजनिक तौर पर दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी के अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 9 के साथ पढ़ा जाए उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके साथ यहां कॉलम एफ में उल्लेखित नीचे दी गई संबंधित तारीखों पर कॉलम ई में वर्णित कम्पनी के पास गिरवी रखी गई संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदारों को और सामान्य रूप से आम जनता को सावधान किया जाता है कि नीचे कॉलम ई में उल्लिखित संपत्तियों का सौदा न किया जाए और ऐसा कोई भी सौदा कॉलम डी में ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ वर्णित राशि के लिए मै. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के तहत होगा।
प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(8) के तहत कर्जदार बिक्री की अधिसूचना से पहले सभी लागत, शुल्कों और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करके सुरक्षित परिसंपत्ति का भुगतान कर सकते हैं।

क्र.	कर्जदार का नाम/ ऋण खाता सं. एवं पता	मांग सूचना की तिथि	बकाया राशि	कब्जे की संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जे की तिथि
A	B	C	D	E	F
1.	ऋण खाता संख्या- X0HERRH00002391903, X0HERRH00003467409 एवं HE02RRH00000001895 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. अनुराग अग्रवाल, 2. आनंद मोहन अग्रवाल, दोनों का पता- लक्ष्मी दाल मिल, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीदार भवन के पास फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, 3. लक्ष्मी सेल्स, टिम्बर मार्केट के पास, फाफाडीह रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 4. ललिता देवी अग्रवाल, 5. मीता अग्रवाल, 6. अंजु अग्रवाल, सभी का पता- निवास- लक्ष्मी दाल मिल, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीदार भवन के पास, फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	11.10.2022	₹ 1,08,46,783/- ₹ 73,72,525/- एवं ₹ 33,06,096/- कुल ₹ 2,15,25,404/- 10.10.2022 को ब्याज, और अन्य शुल्क	परिवर्तित संपत्ति खसरा नं. 18/239/7/1 एवं 239/7/2 का भाग, सम्मिश्रण क्षेत्र 2000 वर्ग फीट, मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड, वार्ड नंबर 22, पीएच नं. 48, आर.आई.सी. रायपुर-5, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) उपहार विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः दानकर्ता की संपत्ति, दक्षिणः सड़क, पूर्वः दानकर्ता की संपत्ति, पश्चिमः दानकर्ता की संपत्ति	02.01.2023
2.	ऋण खाता संख्या- HE01RRH00000019566 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. लक्ष्मी सेल्स 2. आनंद मोहन अग्रवाल 3. अंजु अग्रवाल 4. वरेन्या अग्रवाल 5. अनुराग अग्रवाल, सभी का पता- टिम्बर मार्केट के पास, फाफाडीह, रायपुर, ईश्वर सॉ मिल के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	18.10.2022	₹ 1,81,16,051/- 10.10.2022 को ब्याज, और अन्य शुल्क	परिवर्तित संपत्ति खाता संख्या 1267 - भाग -1, खसरा नं. 239, शीट नं. -18, प्लॉट नं. 7/2 सम्मिश्रण क्षेत्र 2000 वर्ग फीट, मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड, वार्ड नंबर 22, पीएच नं. 48, आर.आई.सी. रायपुर-5, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) उपहार विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः दानकर्ता की संपत्ति, दक्षिणः सड़क, पूर्वः दानकर्ता की संपत्ति, पश्चिमः दानकर्ता की संपत्ति	02.01.2023

दिनांकः 02.01.2023, स्थानः रायपुर (छ.ग.) | प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं.लिमि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच जयराम रमेश ने विपक्ष को दिखाया आइना, दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने 2024 के चुनाव में राहुल गांधी के विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद चेहरा होने की पैरवी की है। कमलनाथ ने बीते दिनों दावा करते हुए कहा था कि, ÷राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा भी होंगे÷ वहीं, दूसरी तरफ अखिलेश यादव और कुछ अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भारत जोड़ो यात्रा से दूरी बनाई है जिससे विपक्षी एकजुटता की संभावना पर प्रश्नचिह्न लगा है। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि अगर कांग्रेस मजबूत नहीं हुई तो विपक्षी एकता सपना ही रहेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता का मतलब यह नहीं कि कांग्रेस 2024 में लोकसभा की सिर्फ200 सीटों पर चुनाव लड़े।

नहीं थम रहा आतंक! रजौरी में जहां हुई 4 नागरिकों की हत्या, वहां आज आईईडी ब्लास्ट, एक बच्चे की दर्दनाक मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक बच्चे की मौत हो गई और दो महिलाएं समेत 5 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजौरी जिले के डांगरी गांव में पीड़िता के घर में आईईडी ब्लास्ट हुआ जिसमें बच्चे की दर्दनाक मौत जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट गांव में उस जगह पर हुआ जहां रविवार शाम को आतंकवादियों ने चार नागरिकों की हत्या कर दी थी और छह अन्य को घायल कर दिया था। इस बीच, राजौरी कस्बे में आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। बाबा गुलाम शाह बादशाह यूनिवर्सिटी ने सोमवार को होने वाली सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। आतंकियों की ओर से लगातार हमलों को देखते हुए डांगरी गांव में सुरक्षा बढ़ाई गई है। सुरक्षा बल क्षेत्र में निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात है। सुरक्षाकर्मी इन घटनाओं के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

सरकार का बड़ा फैसला, चीन समेत इन देशों से आने वाले यात्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट जरूरी

नई दिल्ली। कोविड महामारी की नई लहर की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने एक जनवरी से चीन समेत इन देशों से आने वाले यात्रियों के लिए ऋञ्ज-क्कष्टक्र टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से भारत आने वाले यात्रियों को एक जनवरी से निगेटिव कोविड टेस्ट रिपोर्ट देना जरूरी होगा। मंडाविया ने कहा कि इन जगहों से आने वाले यात्रियों को फ्लाइट पकड़ने से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर आरटी-पीसीआर टेस्ट की निगेटिव कोविड रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के 72 घंटों के भीतर कोविड टेस्ट कराना होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी भारत आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर रैंडम टेस्टिंग जरूरी की गई है, लेकिन यात्रियों के फ्लाइट पकड़ने से पहले ही आरटी-पीसीआर रिपोर्ट जमा कराने की जरूरत है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों में उछाल के बाद अलर्ट जारी किया है और कोविड दिशा-निर्देशों को सख्त कर दिया है। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

24 घंटों में कोरोना के 268 नए मामले

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में भारत में कोरोना संक्रमण के 268 नए मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद सक्रिय मामले बढ़कर 3,552 हो गए। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना की दैनिक संक्रमण दर 0.11 प्रतिशत दर्ज की गई।

जनवरी में बढ़ सकते हैं मामले

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि भारत के लिए अगले 40 दिन महत्वपूर्ण होने वाले हैं, क्योंकि जनवरी में कोविड के मामलों में उछाल देखने को मिल सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रवृत्ति रही है कि पूर्वी एशिया में दस्तक देने के लगभग 30-35 दिनों के बाद कोविड महामारी की नई लहर भारत में आती है। सूत्रों का कहना है कि अगर कोविड महामारी की नई लहर आती भी है, तो मृत्यु और अस्पताल में भर्ती होने की दर बहुत कम होगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइनों को दिए निर्देश

शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी एयरलाइंस को कोविड संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिए। इनमें चीन व थाईलैंड समेत छह देशों से आने वाले पर्यटकों के लिए संशोधित गाइड लाइन जारी की गई है। एयरलाइंस को नए नियमों के अनुसार संशोधित चेक इन प्रक्रिया तय करने को कहा गया है। एयर सुविधा पोर्टल पर यात्रियों को कोविड जांच के संबंध में स्व घोषणा पत्र जारी करना होगा। इन छह देशों में चीन, थाईलैंड, सिंगापुर, हांगकांग, दक्षिण कोरिया और जापान शामिल हैं।

पन्ना में रिश्वत लेते पकड़ी गई थाना प्रभारी

पन्ना। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक थाने में पदस्थ थाना प्रभारी व एक आरक्षक को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। सागर लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार टीम ने देवेंद्र नगर थाना में थाना प्रभारी ज्योति सिकरवार और आरक्षक अमर सिंह बागरी को कल रात्रि 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी आरती सिंह और एसडीओपी भी थाने पहुंच गये। इस दौरान लोकायुक्त टीम और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी हुई। थाने में कई घंटे तक चले इस ड्रामे और हंगामे के बीच पहले आरक्षक अमर सिंह बागरी और कुछ देर बाद थाना प्रभारी ज्योति सिकरवार लोकायुक्त टीम को चकमा देकर वहां से गायब हो गये। लोकायुक्त टीम अपनी कस्टडी से भाग निकले आरक्षक और थाना प्रभारी को देर रात तक खोजती रही। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार खमरिया निवासी विनोद यादव ने लोकायुक्त में शिकायत की थी कि दउवन टोला निवासी उसके रिश्तेदारों की एफआईआर में धाराएं घटाने और दूसरे पक्ष पर बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है।

सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे

जयपुर। राजस्थान में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। बांद्रा से जोधपुर जाने वाली सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे गए। यह हादसा पाली के राजकियावास के पास हुआ। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 17 लोगों को चोट आई है। हालांकि अब तक किसी के जान जाने की सूचना नहीं मिली है। घायल यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद एक यात्री ने हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, मारवाड़ जंक्शन से प्रस्थान करने के पांच मिनट के भीतर ट्रेन के अंदर कंपन की आवाज सुनाई दी और दो-तीन मिनट के बाद ट्रेन रुक गई। हम नीचे उतरे और देखा कि कम से कम आठ स्लीपर क्लास के डिब्बे पटरी से उतरे हुए थे। हालांकि 15 से 20 के अंदर घटनास्थल पर एंबुलेंस, रेलवे की टीम और पुलिस टीम आ गई। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम

बीएसएफ ने 2022 में गुजरात के भुज सेक्टर में 22 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा, 79 नावों को किया जब्त

अहमदाबाद। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने साल 2022 में 22 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा। बीएसएफ ने गुजरात के भुज सेक्टर में क्रीक और हरामी नाला के सबसे दुर्गम और कठिन इलाके में मछली पकड़ने वाली 79 नौकाओं को भी जब्त किया।

बीएसएफ की ओर जारी बयान में बताया गया है, बीएसएफ गुजरात में स्थायी ठिकाने बनाकर सर क्रीक और हरामी नाला क्षेत्र में अपनी पकड़ को और मजबूत कर रहा है। बीएसएफ 7,419 किलोमीटर लंबी भारत पाकिस्तान सीमा की रखवाली करती है। बल ने बताया कि गुजरात के तटीय और क्रीक इलाके से 250 करोड़ रुपये की हेराइन के पचास पैकेट और 2.49 करोड़ रुपये की कीमत के 61 पैकेट भी बरामद किए गए। बयान में बीएसएफ गुजरात को श्रेय देते हुए कहा गया है कि यह पाकिस्तान के साथ राजस्थाने के बारमेर से लेकर गुजरात के कच्छ के रण और सर क्रीक की 826 किलोमीटर की सीमा को सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार है। इसमें गुजरात के 85 किलोमीटर तक का तटीय इलाका भी शामिल है।

सीमा पार अवैध गतिविधियों में गिरफ्तार किए गए इतने लोग

इसमें बताया गया है कि इसके अलावा 22 भारतीयों, चार पाकिस्तानी, दो कनाडाई और एक रोहिंग्या को विभिन्न सीमा पर सीमा पार अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया, बीएसएफ गुजरात ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दिल्ली से कन्याकुमारी तक साइकिल रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया।

बीएसएफ गुजरात ने किया राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का सफल आयोजन

बीएसएफ गुजरात ने राज्य सरकार के सहयोग से 31 अक्तूबर, 2022 को केवडिया में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि थे।

निकाय चुनाव में आरक्षण: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची यूपी सरकार, चार जनवरी को सुनवाई

नई दिल्ली। स्थानीय निकाय चुनाव मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह इस मामले में चार जनवरी को सुनवाई करेगा। दरअसल, शहरी स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफयूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में निकाय चुनावों पर सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि उच्च न्यायालय पांच दिसंबर की मसौदा अधिसूचना को रद्द नहीं कर सकता है, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए शहरी निकाय चुनावों में सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड रुचिरा गोयल के माध्यम से दायर अपील में कहा गया है कि ओबीसी संवैधानिक रूप से संरक्षित वर्ग है और उच्च न्यायालय ने मसौदा अधिसूचना को रद्द करने में गलती की है। बता दें, उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए सभी मुद्दों पर विचार करने के लिए पांच सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है।

क्या है पूरा मामला?

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच दिसंबर को निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कहा गया कि यूपी सरकार ने आरक्षण तय करने में सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने आरक्षण की अधिसूचना रद्द करते हुए यूपी सरकार को तत्काल प्रभाव से बिना ओबीसी आरक्षण लागू किए नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला दे दिया।

पश्चिम बंगाल के मंत्री बीरबाहा हांसदा की याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इनकार कर दिया है। इस याचिका के जरिए उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसको उन्होंने चुनौती दी थी। उनकी याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने टीएमसी नेता को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस मामले पर सुनवाई कर रहा है। आगामी 10 जनवरी को मामले की सूचीबद्ध भी किया है। हम याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने और वहां मामले को आगे बढ़ाने की स्वतंत्रता देते हैं।

कम्युनिस्ट सरकार बनने का असर नेपाल में चीन का बढ़ने लगा हौसला!

काठमांडो। नेपाल में कम्युनिस्ट बहुल सरकार बनने का असर दिखने लगा है। चीन ने दावा कर दिया है कि पोखरा हवाई अड्डा 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत चीन और नेपाल के बीच सहयोग की प्रमुख परियोजना है।' काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने ये दावा पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन से एक दिन पहले किया। जबकि नेपाल सरकार का अभी तक आधिकारिक रुख यही है कि चीन की परियोजना बीआरआई के तहत अभी तक नेपाल में किसी प्रोजेक्ट पर अमल नहीं हुआ है। नेपाल सरकार ने बार-बार यह कहा है कि बीआरआई के तहत प्रोजेक्ट शुरू करने पर अभी बातचीत चल रही है। पोखरा एयरपोर्ट का उद्घाटन रविवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के हाथों होना तय था। लेकिन उससे पहले ही शनिवार को चीनी दूतावास ने एक ट्विट में दावा कर दिया कि ये हवाई अड्डा बीआरआई के तहत बना है। नेपाल और चीन ने बीआरआई के प्रारूप समझौते पर 2017 में दस्तखत किए थे। नेपाल ने आरंभ में कहा था कि बीआरआई के तहत देश में 35 परियोजनाएं बनाई जाएंगी। बाद में चीन के अनुरोध पर इन परियोजनाओं की संख्या घटा कर नौ कर दी गई। जिन परियोजनाओं को तब बीआरआई की सूची से हटाया गया, उनमें पोखरा हवाई अड्डा भी था।

अखबार काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2016 में नेपाल सरकार ने चीन के साथ नया हवाई अड्डा बनाने के लिए लगभग साढ़े 21 करोड़ डॉलर के एक करार पर दस्तखत किए थे। यह समझौता नेपाल के नागरिक विमानन मंत्रालय और चीन एक एग्जिम बैंक के बीच हुआ था। लेकिन उस करार में कहीं भी बीआरआई का जिक्र नहीं था।

साल गुजरने के साथ ही सचमुच गुजर गए श्रीलंका के बुरे दिन

कोलंबो। के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने एलान किया है कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं सालगिरह से ठीक पहले देश अपने सबसे बुरे समय से उबर गया है। विक्रमसिंघे ने नव वर्ष के मौके पर दिए अपने संदेश में कहा- 'सबसे बुरे वक्त से गुजरने के बाद अब हम नव वर्ष 2023 की तरफ देख रहे हैं। पिछले वर्ष हमने हर तरह की कठिनाइयां, अनिश्चितताएं, और निराशाओं को झेला। मुझे यकीन है कि उस दौर से हम निकल चुके हैं। लेकिन जब राष्ट्रपति ने यह दावा किया, उसी रोज यह खबर आई कि 2022 में रिटायर हुए 30 हजार से अधिक सरकारी कर्मचारियों की जगह को भरने के लिए नई नियुक्तियां नहीं की गई हैं। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि श्रीलंका सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को यह दिखा सके कि वह सरकारी खर्च घटाने के प्रति गंभीर है। आईएमएफने कर्ज की नई किस्त देने के लिए जो शर्तें लगाई हैं, उनमें सरकारी खर्च में भारी कटौती भी शामिल है। वेबसाइट इकॉनमीनेक्स्ट.कॉम की एक खबर के मुताबिक श्रीलंका सरकार ने खर्च घटाने की कोशिश में कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र को 65 से घटा कर 60 साल कर दिया। इस कारण पिछले साल सामान्य से अधिक संख्या में कर्मचारी रिटायर्ड हुए।

गोताबाया ने अमेरिकी नागरिकता बहाली के लिए किया आवेदन! राष्ट्रपति ने लोकसेवकों से की अपील

कोलंबो। किसी भी देश में शरण पाने में विफ्ल रहने के बाद श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे ने अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए आवेदन किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने अभी तक अनुरोध पर विचार नहीं किया है। बता दें कि साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए गोताबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी, क्योंकि श्रीलंका के संविधान के अनुसार, दोहरी नागरिकता धारकों को चुनाव लड़ने पर यहां रोक लगी हुई है।

अमेरिका नागरिकता बहाल होना एक मुश्किल प्रक्रिया

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 73 वर्षीय राजपक्षे ने 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान श्रीलंका से भागकर किसी भी देश में शरण लेने में विफ्ल रहने के बाद अपनी अमेरिकी नागरिकता की बहाली के लिए अपील की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले की गई।

गूगल की ये ऐप अब खतरनाक सड़कों की देगा जानकारी, जोड़ा गया नया फीचर

सैन फ्रांसिस्को। गूगल अपने वेज एप (डब्ल्यूएजेडई एपीपी) के लिए एक नया फीचर लेकर आया है। जिससे यूजर्स को ट्रैफिक डेटा के आधार पर आसपास की खतरनाक सड़कों के बारे में सूचना मिल जाएगी। इस फीचर से यूजर्स को वाहन चलाते समय बड़ी परेशानी निजात मिलेगी। नया फीचर यूजर्स को आसपास की उन खतरनाक सड़कों को मैप पर लाल रंग से दिखाएगा। हालांकि, यह उन सड़कों के बारे में नहीं हो सकता है जिन पर यूजर्स अक्सर यात्रा करते हैं। ड्राइवर को एप में आसपास की खतरनाक सड़कों के बारे में केवल एक पॉप-अप मिलेगा, जो सावधानी बरतने के लिए अलर्ट करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि एप के बीटा रिलीज तक पहुंच रखने वाले देशों को एक पॉप-अप मिलेगा, जो उन्हें बताएगा कि ड्राइवर और उनके रोड की रिपोर्ट के जरिये यूजर्स दुर्घटनाओं के इतिहास के लिए अलर्ट देख सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि यह सुविधा अभी भी बीटा में है, इसे जल्द ही आम जनता के लिए उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है। जून में टेक दिग्गज ने गूगल मैप्स के लिए एक नई सुविधा शुरू की जो अब यूएस में एंड्रॉइड और आईओएस दोनों उपयोगकर्ताओं पर वायु गुणवत्ता परत दिखाएगी। 9टू5गूगल के अनुसार, यह यूजर्स को हवा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलेगी।

बीसीसीआई ने तीनों फॉर्मेट में 2022 के सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों के नाम जारी किए

नई दिल्ली। साल 2022 के आखिरी दिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के नाम जारी किए, जो इस साल खेल के तीनों प्रारूपों में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। बीसीसीआई के अनुसार, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, वर्ष 2022 के लिए टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के लिएटॉप परफॉर्मर्स पर एक नजर- ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह 93।

पंत ने सात मैचों में 61.81 की औसत से 680 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन रहा जबकि बुमराह ने पांच मैचों में 22 विकेट लिए। वनडे प्रारूप में श्रेयस अय्यर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जबकि मोहम्मद सिराज को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। अय्यर ने 17 मैचों में नाबाद 113 के उच्चतम स्कोर के साथ 724 रन बनाए, जबकि सिराज ने 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैचों में 24 विकेट लिए।

ऋषभ पंत को आईसीयू से किया गया प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट, स्थिति में सुधार

देहरादून। राजधानी देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। ऋषभ पंत को अब आईसीयू से निकाल कर प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम चौबीसों घंटे उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है। मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि ऋषभ पंत काफी तेजी से रिकवर कर रहे हैं। साथ ही ऋषभ पंत के पैर के लिगामेंट का इलाज कहां होगा, इसका निर्णय बीसीसीआई को लेना है। भारतीय क्रिकेट टीम के धुंआधार बल्लेबाज ऋषभ पंत का दो दिन पहले दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार का एक्सीडेंट हो गया था। उनकी कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और उसके पलटने के बाद कार में आग लग गई जिसमें पंत बाल-बाल बच गए। रुड़की के पास हुए इस हादसे में घायल पंत को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद उनको देहरादून के मैक्स अस्पताल में रैफर कर दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

ऑफिस का किराया तक नहीं चुका पा रहा टिवट्र, इमारत के मालिक ने दर्ज कराई एफआईआर

नई दिल्ली। एलन मस्क ने जब से ट्विटर का कार्यभार संभाला है उन्होंने खर्च कम करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी से लेकर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं तक को सीमित कर दिया है। इसके बावजूद कंपनी की हालत इतनी खराब है कि वह अपने कार्यालयों का किराया तक नहीं दे पा रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि ट्विटर पर डिफॉल्टर होने का धब्बा भी लग गया है। अब कोर्ट में मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया है। ट्विटर पर सैन फ्रांसिस्को, यूएस में अपने ऑफिस स्पेस के रेंट का पेमेंट नहीं किया है। जिसकी वजह से कंपनी पर मुकदमा दायर किया गया है। रेंट 136,250 डॉलर यानी एक करोड़ रुपये से ज्यादा का है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार मकान मालिक, कोलंबिया रीट 650 कैलिफ़ोर्निया एलएलसी ने 16 दिसंबर को कंपनी को सूचित किया था कि किराए का भुगतान नहीं किए जाने पर यह पांच दिनों में डिफ़ॉल्ट हो जाएगा। कंपनी लीज पर है और हार्टफोर्ड बिल्डिंग की 30वीं मंजिल पर है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट है कि कोलंबिया रीट ने अपनी शिकायत में कहा कि ट्विटर किरायेदार नियमों का पालन करने में विफल रहा। इसलिए गुरुवार को सैन फ्रांसिस्को की राज्य अदालत में कंपनी के खिलाफ दायर किया गया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 13 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी कि ट्विटर ने अपने मुख्यालय या इसके किसी भी अन्य वैश्विक कार्यालयों पर हफ्तों में किराए का भुगतान नहीं किया है। कंपनी पर इस महीने की शुरुआत में दो चार्टर उड़ानों के लिए भुगतान करने से इनकार करने के लिए भी मुकदमा दायर किया गया था। मामले में सफाई के लिए ट्विटर की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया।

न्यूज गैलरी

साई मंदिर में 5 को भजन संध्या

दुर्ग/नवप्रदेश। कसारीडीह सिविल लाईन स्थित श्री साई बाबा मंदिर में 2023 के प्रथम गुरुवार 5 जनवरी को नए साल की खुशियां मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री साई बाबा के संध्या आरती उपरांत 7.30 बजे सप्तक म्यूजिकल ग्रुप पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा भजन-संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन-संध्या में म्यूजिकल ग्रुप के प्रसिद्ध कलाकार बीके नायडु, कृष्णा अग्रवाल,अमित शर्मा,सुचिता चितलांग्या, गौरव बोटके,भवानी अग्रवाल एवं अन्य साथी कलाकार सांई भजनों एवं अन्य धार्मिक गीत-संगीत से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। नए साल के प्रथम गुरुवार को संध्या आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को विशेष महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ व सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से भजन-संध्या कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

विकास कार्यो के लिए शीघ्र जारी होगी राशि

दुर्ग/नवप्रदेश। विधानसभा सत्र के दौरान वोरा ने नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात की वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज विधानसभा में भोजन अवकाश के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया से दुर्ग शहर में विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। वोरा ने शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण करने 3 करोड़ की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की। डॉ डहरिया ने वोरा की मांग पर विभागीय अधिकारियों को शीघ्र राशि जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दुर्ग के तालाबों का सौंदर्यीकरण करने टेंडर प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करें। वोरा ने नगरीय प्रशासन मंत्री को दुर्ग शहर में ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट सहित अन्य पेंडिंग विकास कार्यों की जानकारी दी। शहर विकास के कार्यों को तेजी से पूरा करने अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया। डॉ डहरिया ने मौके पर ही अधिकारियों को पेंडिंग कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। डॉ डहरिया ने कहा कि दुर्ग शहर के विकास में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। विधायक वोरा की मांग के अनुसार भविष्य में भी शहर के विकास के लिए तत्काल राशि प्रदान की जाएगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 29 अप्रैल को

रायगढ़/नवप्रदेश। नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 29 अप्रैल 2023 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 है। पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाइट ऑनलाईन से आवेदन पत्र भर सकते है।

भाजयुमो ने मुंडन कराकर निगम की कार्यशैली के खिलाफ जताया आक्रोश

महापौर के सामने किया प्रदर्शन, बीते 3 सालों में एक भी निर्माण कार्य नहीं करने का लगाया आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला भाजयुमो ने शहर में जन सुविधाओं का अभाव बताया है। जिसके लिए नगर निगम को उन्होंने जिम्मेदार ठहराया है। जिसके विरोध में सोमवार को निगम महापौर के कक्ष के सामने भाजयुमो ने अनोखा प्रदर्शन कर नगर निगम की कार्यशैली के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो नेता रितेश शर्मा ने मुंडन कराया और विरोध दर्ज करवाया। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले 3 सालों में किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जनता की सुविधाओं की अनदेखी की गई है। शहर के सबसे व्यवस्थित और सबसे सुंदर सड़कों में से एक गौरव पथ की गौरव ही खत्म हो गई है। सड़क के दोनो ओर गड्ढे करके छोड़ दिया गया है। ना उसे भरने का काम हो रहा है,ना ही सौंदर्यीकरण का कोई काम किया जा रहा है। युवाओं से किए गए वादे भी पूरे नहीं किए गए है। श्री शर्मा ने कहा है कि अगर दुर्ग की दुर्दशा जल्द नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पार्षद अरुण सिंह, देवनारायण चंद्राकर, भाजपा नेता आशीष निमजे, मनमोहन शर्मा के अलावा भाजयुमो व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

72 बोरी अवैध धान परिवहन, जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध धान परिवहन पर निगरानी रखते हुए लगातार जप्त की कार्यवाही की जा रही है।

आज कोदवागोड़ान चेक पोस्ट में महेन्द्रा पिकअप वाहन में 72 बोरी धान जप्त कर कार्यवाही किया गया। के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाया गया है। जिले के चेक पोस्ट में धान से भरे संदिग्ध वाहनों की विशेष जांच की रही है। सभी दस्तावेज देखने के बाद ही वाहनों को प्रवेश दिया जाता है। इसी कड़ी में अवैध धान पर जप्त की कार्यवाही की गई। पंडरिया एसडीएम श्री डी.आर. डाहिरे ने बताया कि जिला प्रशासन की टीम ने ग्राम कोदवागोड़न चेकपोस्ट में जांच के दौरान ग्राम समरनपुर निवासी द्वारा महेन्द्रा पिकअप वाहन सीजी 10 बीडी 1360 वाहन में 72 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था, जिसे चेक पोस्ट में रोककर पूछताछ किया गया। वाहन चालक द्वारा संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं करने एवं परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने के कारण वाहन में रखे 72 बोरी धान पर कार्यवाही किया गया।

मॉडल टाउन में 10 लाख की लागत से बनेगा सड़क

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मॉडल टाउन वार्ड क्रमांक 3 में सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। आज महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ करवाया। इस दौरान एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, लाल चंद वर्मा तथा स्थानीय पार्षद हरिओम तिवारी मौजूद रहे। अधोसंरचना मद की राशि से सड़क का निर्माण होगा, 10 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य की शुरुआत आज से हो चुकी है। अब मॉडल टाउन निवासियों को तथा भिलाई वासियों को इस क्षेत्र में खराब सड़कों से नहीं गुजरना होगा। सड़क 4 में सीसी रोड का निर्माण होगा। निर्माण कार्य होने के पश्चात गड्ढों के कारण हादसे भी कम होंगे तथा राहगीरों को आने-जाने में असुविधा नहीं होगी, बारिश के दिनों में भी लोगों को कीचड़ से राहत मिलेगी। काफी समय से रहवासी रोड की मांग कर रहे थे जिसको देखते हुए स्थानीय पार्षद ने महापौर को सड़क की स्थिति से अवगत कराया। महापौर ने इसे त्वरित संज्ञान लेकर निगम के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने के लिए निर्देश दिए। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज विधि विधान से कार्य का भूमि पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी भी मौजूद रहे। मोहल्ले वासियों ने कार्य के लिए महापौर तथा निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक तथा कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा भी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त सेवकों का तत्काल जारी हो रहा पीपीओ-जीपीओ

■ **आधार पोर्टल से हो रहा त्वरित पेंशन भुगतान**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को अभार पोर्टल के माध्यम से त्वरित पीपीओ, जीपीओ जारी किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के अंतर्गत 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले 8 शासकीय सेवकों का पीपीओ, जीपीओ जारी किया गया। पेंशन प्रकरण में कृष्ण कुमार साहू प्रयोगशाला तकनीशियन, धानराम दिब्य व्याख्याता, देव सिंह पोखरा सहायक उप निरीक्षक, भगत राम साहू प्रधान पाठक, श्रीमती अंबिका मेहरा पर्यवेक्षक, शिव कुमार जायसवाल उच्च वर्ग शिक्षक, प्रेम कुमार पांडित्य व्याख्याता, शिबू राम प्रधान उप निरीक्षक 11 वीं बटालियन शामिल है। सभी पेंशनरों को जिला कोषालय परिसर में पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर पीपीओ और जीपीओ के साथ परिचय पत्र दिया गया। जिला कोषालय द्वारा सभी विभागों के डीडीओ से अपील किया गया है कि समय पूर्व सेवा पुस्तिका की जांच कराने के पश्चात सही सही दस्तावेजों के साथ पेंशन प्रकरण आभार पोर्टल मे भेजे ताकि जिले में सभी सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का त्वरित पेंशन भुगतान कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि विगत 1 दिसम्बर 2022 को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवाकों को पीपीओ, जीपीओ प्रदान किया गया था। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के सभी सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र की कामना करते हुए शुभकामानएं दी गई है। आज सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ, जीपीओ जारी करने के अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महदेवा, सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश बरेठ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बाल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी और हर एक बच्चे का अधिकार है : कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता मे किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2021 एवं मिशन वात्सल्य के तहत गठित समिति जिला बाल संरक्षण समिति, जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सह निरीक्षण समिति, लैगिक अपराधां से बालकों का संरक्षण समिति, टास्क फोर्स एवं सखी वन स्टॉप सेंटर की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने एजेण्डावार समीक्षा करते हुए मिशन वात्सल्य के प्रावधानों का शत प्रतिशत पालन कर बाल संरक्षण कार्यक्रम एवं किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2021 के तहत् संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का मानक अनुसार निरीक्षण, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरणों का यथा शीघ्र निपटान, सामाजिक जांच एवं फॉलोअप प्रावधान अनुसार निर्धारित समय में पूर्ण करने जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि बाल गृह का निरीक्षण लगातार होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जो महिला संरक्षण, बाल संरक्षण में काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि गुड टच और बैड टच पर स्कूलों में कार्यशाला आयोजित कर जागरूक करने कहा। इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने के जरूरत है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सहित सभी सुविधा मिलना चाहिए। समिति के पास बच्चों का रिपोर्ट भी मौजूद रहना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने बाल अधिकार संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण पर पंचायत एवं विकासखण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जागरूक करने निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि बाल संरक्षण एक महत्वपूर्ण एवं अत्यंत संवेदनशील विषय है, इसमें चौकस रहकर कार्य करना आवश्यक है, तभी इस योजना का लाभ हर एक जरूरतमंद बच्चों को मिल पाएगा। बाल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है और यह हर एक बच्चे का अधिकार है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सामाजिक जांच रिपोर्ट लगातार होनी चाहिए। योजना के तहत लाभान्वित हुए बच्चों का लगातार मॉनिटरिंग करें और उन्हें लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति पर कार्य करने की जरूरत है। नशा से लिप्त बच्चे भिक्षावृत्ति में संलग्न होते है। इसलिए उनके परिजनों से काउंसलिग करने की जरूरत है। वर्तमान समय डिजिटल होने के कारण बच्चे के लिए मोबईल से बचाव जरूरी है। बच्चों को मोबईल की लत से दूर रखना चाहिए। बच्चे इससे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित होते है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अधिक कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए किताबों के प्रति जागरूक करना, खेल के प्रति प्रेरित करना जरूरी है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आनंद तिवारी ने मिशन वात्सलय योजना की विस्तृत जानकारी दी।

मनरेगा से मजदूरों के हाथों में काम वहीं किसान हुए खुशहाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित व्यक्तिगत भूमि सुधार कार्य से जहां एक ओर मजदूरों के हाथों में काम मिला है, वहीं भूमि सुधार कार्य से किसानों के खेतों की पैदावारी बढ़ी है। ऐसा ही एक किसान ग्राम घुटकुनवापारा निवासी परमानंद है, जिन्होंने अपने कृषि भूमि सुधार कर धान फसल की पैदावारी बढ़ाने में सफलता हासिल की है। किसान परमानंद के कृषि भूमि सुधार हेतु स्वीकृत कार्य से गांव के 361 जॉब कार्डधारी मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध हुई है। उक्त ग्राम में पर्याप्त मात्रा में कृषि भूमि है, जिसमें से अधिकतर भूमि भर्री है, जहॉ पर फसल का उत्पादन नाम मात्र होता है। ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों ने कृषि भूमि सुधार की जानकारी लेकर अपने कृषि भूमि में सुधार कार्य स्वीकृत कराने आगे आये। जॉब कार्डधारी व किसान श्री परमानंद ने भी अपने जमीन में भूमि सुधार का कार्य कराने हेतु आवेदन किया। जनपद पंचायत के माध्यम से प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु जिला पंचायत को प्रस्तुत की गई। जिसके आधार पर 1.03 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। जनपद पंचायत के तकनीकी मार्गदर्शन से गुणवत्तापूर्ण भूमि सुधार कार्य किया गया, जिसमें स्वयं हितग्राही व उनके परिवार के मजदूरों द्वारा कार्य किया गया है।

कृषक परमानंद निषाद ने बताया कि पहले वह रोजी-मजदूरी के साथ-साथ खेती किसानी का कार्य करता था। परन्तु भर्री जमीन होने से उन्हें उचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने नया करने के प्रयास के साथ भूमि सुधार हेतु पहल किया। अब फसलों की पैदावारी बढ़ने से उसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है। किसान परमानंद ने भूमि सुधार कार्य होने के पश्चात् अपने खेत में धान का फसल लगाया व मेड़ो में तिल का फसल लगाकर आज अपनी आय को दुगुना कर लिया है। भूमि सुधार होने से पूर्व वह अपने जमीन पर फसल उगा पाने में असमर्थ था। परन्तु भूमि सुधार कार्य करावाने के पश्चात् अब ज्यादा फसल उत्पादन होने से प्रति वर्ष अच्छी आमदनी हो रही है। पूर्व में जमीन में उपज कम होती थी, परन्तु वर्तमान समय में फसल उत्पादन अच्छी होने से वह अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे तरीके से कर पा रहा है। बंजर भूमि को मुक्त में फसल योग्य भूमि बनाये जाने में सहयोग के लिए परमानंद खुश होकर शासन प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने हुए वह गांव के अन्य कृषकों को भी भूमि सुधार के लिए प्रेषित कर रहा है।

बदल रहा दन्तेवाड़ा, सीएम की परिकल्पना हुआ साकार

नस्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मिल रहा गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क उपचार

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब जिले वासियों को आराम मिल रहा है। लोगों को घर के समीप ही गुणवत्ता युक्त निःशुल्क इलाज और उपचार की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शहरों की स्लम बस्तियों में रहने वालों को एक बड़ी सुविधा दी है। अब यहां के रहवासियों को इलाज के लिए अस्पताल जाने या खून की जांच और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। अब उनके इलाके में मोबाइल मेडिकल यूनिट चिकित्सक के सहित खड़ी हो रही है। स्वास्थ्य से संबंधित रोग एवं उसके रोकथाम की जानकारी दी जा रही जा रही है। गंभीर बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिये आज हमारे पास बेहतर स्तर की सुविधाएं, संसाधन एवं तकनीक उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे नए नए नीतियों के समावेशन से रोगों के रोकथाम में सहायता मिली है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना अंतर्गत जिले में कुल 05 नगरीय निकायों में 02 नग मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित है। जिसमे नगरवासी मौसमी बुखार,मलेरिया, एनीमिया, टीबी, सर्दी, खांसी, शुगर, बीपी,के साथ गंभीर बीमारियों का इलाज कराने प्रतिदिन पहुँचते हैं। जहां एक ओर सामान्य बीमारी के लिए जिला अस्पताल जाकर इलाज करवाने में काफी समय लगता था परंतु अब उचित इलाज के साथ समय की भी बचत हो रही है। साथ ही सही समय पर रोगों की पहचान कर तुरंत उपचार किया जा रहा है। इस योजना के तहत 429 कैंप का आयोजन किया जा चुका है।